50 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | मूल्य 2/- | यह मुजफ्फरनगर है।

सूर्योदय 5:29 सूर्यास्त 7:02

तापमान
अधिकतम 36.8
न्यूनतम 23.8

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

वर्ष-50 | अंक-130 | बृहस्पतिवार 12 मई, 2022 | बैसाख, शुक्ल पक्ष- एकादशी, सम्वत् 2079 | पृष्ठ-4

अपात्रों के राशनकार्ड सरेन्डर करने के सरकारी आदेश से अखिलेश नाराज़ : लखनऊ



अपात्रों की आवाज़ उठाने वाला भी तो कोई है....

# महामहिम ने किसानों को बताया अर्थव्यवस्था की रीढ़

### ❑राज्यमंत्री कपिलदेव अग्रवाल के आवास पर पहुंचकर राज्यपाल ने परिवार को दिया आशीर्वाद ❑मंत्री ने शुक्रताल के पौराणिक तथ्यों से अवगत कराते हुए शुक्रतीर्थ आने का दिया न्यौता

मुजफ्फरनगर, 11 मई ( बु. )। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने ज़िले में दो दिवसीय प्रवास के पहले दिन राज्यमंत्री कपिलदेव अग्रवाल के आवास पहुंचकर उनके परिवार को आशीर्वाद दिया। मंत्री ने श्रीमद्भागवत की उद्गम स्थली के पौराणिक तथ्य बताकर शुक्रताल आने का न्यौता भी दिया। इससे पहले राज्यपाल ने किसान आंदोलन वापस होने के बाद उपजे हालातों और ज़िले के राजनीतिक समीकरणों का हाल जाना। मंत्री अग्रवाल ने बताया कि ज़िले में भाजपा के 2 और सपा-रालोद गठबंधन के 4 विधायक है।

बिजनौर प्रवास के बाद राज्यपाल आनंदीबेन पटेल शाम के समय चित्तौड़ा में कृषि प्रदर्शनी से सीधे राज्यमंत्री कपिलदेव अग्रवाल के गांधी नगर स्थित आवास पर पहुंची। तीसरे पहर से ही पुलिस ने मंत्री के आवास पर सुरक्षा घेरा बना लिया गया था। साढ़े 7 बज़े के करीब राज्यपाल का काफिला अग्रवाल के आवास पर पहुंचा, यहां पर सबसे पहले मंत्री कपिलदेव अग्रवाल ने बुकें देकर उनका स्वागत किया। इसी दौरान भाजपा नेताओं ने भी बुके देकर उनकी अगवानी की। राज्यपाल सीधे मंत्री कपिलदेव अग्रवाल के परिवार के बीच पहुंची। अग्रवाल के परिजनों ने राज्यपाल का आशीर्वाद लेने के साथ उनके साथ सेल्फी भी ली। करीब 10 मिनट परिवार के बीच रहने के बाद राज्यपाल ने मंत्री और भाजपा नेताओं से बातचीत की। राज्यपाल ने जाना कि किसान आंदोलन के बाद अब किस तरह का माहौल है और किसान सरकार की नीतियों से कितना खुश हैं। राज्यपाल ने चुनाव के बाद राजनीतिक समीकरणों को लेकर भी सवाल किया। मंत्री कपिलदेव ने बारी-बारी से हर सवाल का जवाब दिया। उन्होंने बताया कि कुछ लोगों ने किसानों का गुमराह करने का जरूर प्रयास किया, लेकिन अब काफी हद तक किसान समझ चुके हैं कि किस सरकार में उनका हित है। मंत्री ने बताया कि ज़िले की छह सीटों में से 2 पर भाजपा का कब्जा है और 4 पर सपा-रालोद गठबंधन के विधायक हैं। राज्यमंत्री कपिलदेव ने राज्यपाल के समक्ष तीर्थनगरी शुक्रताल के पौराणिक महत्व का भी जिक्र किया। उन्होंने बताया कि शुक्रताल श्रीमद्भागवत कथा की उद्गम स्थली है। उन्होंने प्रवास के दौरान शुक्रताल का न्यौता भी दिया। राज्यपाल ने फिलहाल समय न होने की बात कहते हुए बाद में शुक्रताल आने का भरोसा दिया। इसके बाद राज्यपाल का काफिला लोकनिर्माण विभाग के डाक बंगले की तरफ कूच कर गया। राज्यपाल यहां रात्रि विश्राम करने के बाद बृहस्पतिवार को कई कार्यक्रमों में शिरकत करेंगी। उधर राज्यमंत्री कपिलदेव अग्रवाल ने राज्यपाल का आभार जताते हुए कहा कि उनके आने से वह बहुत अभिभूत है। ज़िले में कार्यक्रम के चलते उन्होंने राज्यपाल से आवास पर आने का निवेदन किया था। राज्यपाल आनंदीबेन उनके बेटे की शादी में नहीं आ पाई थी। आज उन्होंने आवास पर आकर आशीर्वाद दिया। राज्यपाल ने स्थानीय मुद्दों पर भी चर्चा की। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने को कहा है। इस दौरान एमएलसी वंदना वर्मा, ज़िला पंचायत अध्यक्ष वीरपाल निर्वाल, भाजपा ज़िलाध्यक्ष विजय शुक्ला, सभासद विपुल भटनागर, राजेश पाराशर, व्यापारी नेता राहुल गोयल, राजकुमार सिद्धार्थ, घनश्याम भगत, प्रवीण पीटर, ट्रांसपोर्टर सतपाल मान, बिजेंद्र पाल, संजय गर्ग, व्यापारी नेता मनीष ऐरन, अनिल नामदेव, निशांक जैन, राजीव शर्मा, विशाल गर्ग, प्रवीण जैन, मुकेश त्यागी, रजत गोयल आदि मौजूद रहे।





राज्यपाल आनन्दी बेन पटेल को शुकतीर्थ हनुमत प्रतिमा का चित्र भेंट करते राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल व उनका स्वागत करते गणमान्य लोग व लोगों का परिचय कराते राज्यमंत्री। फोटो बुलेटिन

## सरकारी नौकरियों में चयन प्रक्रिया को 100 दिनों के लक्ष्य को पूरा करें: योगी



लखनऊ 11 मई ( वार्ता ) उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मिशन रोजगार के तहत प्राथमिकता के आधार पर सभी रिक्त पदों पर चयन की कार्यवाही शुरू करने और चयन की प्रक्रिया को सौ दिनों के लक्ष्य के तहत पूरा करने के निर्देश दिये हैं। श्री योगी ने बुधवार को लोक भवन में उच्च स्तरीय बैठक में कहा कि सरकार सभी विभागीय रिक्तियों को शीघ्रता से भरने के लिए प्रतिबद्ध है। रिक्त पदों पर समयबद्ध चयन के लिए समय से अधियाचन भेजने के लिए ऑनलाइन पोर्टल की व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि नियुक्ति एवं कार्मिक विभाग ने गत वर्षों में पारदर्शिता से बिना भेदभाव के दक्ष युवाओं को सेवायोजित किया है। सरकारी नौकरियों में भ्रष्टाचार का कोई भी स्थान नहीं है। इसका कठोरता से पालन किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि सौ दिनों में पारदर्शी और भ्रष्टाचार मुक्त सुशासन के लिए केन्द्र सरकार की रोटेशन नीति के अनुसार प्रदेश में कार्मिकों के पटल परिवर्तन की प्रभावी व्यवस्था लागू की जाए। ज्येष्ठता आधारित विभागीय प्रोन्नतियों में एकरूपता के लिए उपयुक्तता का मानक निर्धारित किया जाए। श्री योगी ने निर्देश दिए कि चयन वर्ष की सीधी भर्ती के लिए सभी विभागों द्वारा अधियाचन 31 मई से पूर्व भेजा जाए, ताकि 36 हजार से अधिक पदों पर उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग और उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग भर्ती की प्रक्रिया चरणवार सौ दिनों और छह माह में शुरू कर सके। उन्होंने विभागों के सीधी भर्ती के सभी कर्मचारियों के लिए अनिवार्य रूप से इंडक्शन ट्रेनिंग की व्यवस्था लागू करने के निर्देश दिए। हर प्रशासनिक विभाग द्वारा इंडक्शन ट्रेनिंग माड्यूल और वार्षिक प्रशिक्षण कैलेंडर तैयार करे। साथ ही समूह 'क' और 'ख' के अधिकारियों के लिए इनसर्विस प्रशिक्षण व्यवस्था को प्रभावशाली ढंग से लागू करें, उत्तर प्रदेश प्रशासन और प्रबन्धन अकादमी द्वारा वार्षिक प्रशिक्षण कैलेंडर तैयार करें।

# चन्द्रशेखर आजाद ने कहा कि जवाबी फतवा जारी हुआ तो...

### ❑पावटी में भीम आर्मी अध्यक्ष के पहुंचने पर नारेबाजी

मुजफ्फरनगर, ११ मई (बु.)। गत दिवस अनुसूचित जाति के लोगों को धमकाने की अभद्र मुनादी के मामले को लेकर भीम आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद पावटी खुर्द गांव पहुंचे। उन्होंने कहा कि सिर्फ चुनावों के लिए दलितों को हिंदू बताया जाता है, लेकिन चुनाव के बाद फिर इस तरह के काम शुरू हो जाते हैं। आजाद ने कहा कि पुलिस कार्रवाई कर रही है, वह ठीक है, लेकिन अबकी बार कोई ऐसा फतवा जारी हुआ तो इसके जवाब में ऐसा फतवा जारी किया जाएगा कि कोई सोच भी नहीं सकता।

चर्चित अपराधी रहे विक्की त्यागी के पिता राजबीर त्यागी द्वारा गांव पावटी में मुनादी कराकर यह कहना कि जो भी दलित समाज का व्यक्ति उनके खेत डोल या समाधि स्थल पर जायेगा उसको पचास जूते या पांच हजार जुर्माना करने का ऐलान कराने के बाद पावटी पहुंच कर चंद्रशेखर ने गांव के अनुसूचित जाति के लोगों से मामले की पूरी जानकारी ली। इस दौरान गांव में जमकर नारेबाजी भी हुई। मुनादी की वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने तुरंत एक्शन लेते हुए मुनादी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। मुनादी राजबीर त्यागी के द्वारा कराई गई थी, जिसके बाद राजबीर त्यागी को पुलिस ने गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया था। चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि उन्होंने कहा कि आजादी से पहले इस तरह की बातें सुनी जाती थीं, लेकिन उन्होंने पहली बार यह बात आजादी के बाद सुनी है। उन्होंने कहा कि किसी भी सूरत पर दलित समाज का उत्पीड़न नहीं होने दिया जायेगा। उन्होंने पीड़ितों को सुरक्षा देने व गांव में पुलिस चौकी आदि खोलने की मांग करते हुए कहा कि चुनाव के वक्त हिंदुत्व की बात करने वाले नेता इस समय कहां हैं जब तुगलकी फरमान दिए जा रहे हैं। आजाद भारत में ऐसे तुगलकी फरमान देने वालों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही होनी चाहिए। हमें कानून में पूरा विश्वास है। इस व्यक्ति द्वारा पूर्व में भी कई आपराधिक कार्यों को अंजाम दिया जा चुका है। ऐसे व्यक्ति के खिलाफ कानून को कड़ी से कड़ी कार्यवाही करनी चाहिए। ऐसे व्यक्ति द्वारा दलित समाज पर टिप्पणी कर अपनी गन्दी मानसिकता को दर्शाया गया है। उन्होंने कहा कि हमारी लड़ाई किसी व्यक्ति या समाज से नहीं उस सोच से है, जो आज भी ऐसे विचार रखती है। ऐसा फतवा जारी करने वाले सोच लें कि इसके जवाब में जब



फतवा जारी होगा तो क्या होगा! दलित समाज के साथ कोई अन्याय नहीं होने दिया जायेगा। उन्होंने मंहगाई, बेरोजगारी, अर्थव्यवस्था, नौजवानों को रोजगार ना मिलना भाजपा द्वारा धर्म के आधार पर

शेष : पृष्ठ ४ पर

## शहर में आज तीन जगह बनेगा रोडवेज बस अड्डा

### ❑वहलना चौक से मेरठ शामली, जानसठ स्टैंड से बिजनौर व विश्वकर्मा चौक से रुड़की सहारनपुर की बसें मिलेंगी

मुजफ्फरनगर, ११ मई (बु.)। महामहिम राज्यपाल के आगमन को लेकर तैयारियों के बीच १२ मई को शहर में बसों का आगमन अवरुद्ध रहेगा। ऐसे में रोडवेज बसों के लिए शहर में तीन स्थानों पर ठहराव के स्थान नियत किए गए हैं। इनमें जानसठ बस स्टैंड, वहलना चौक और विश्वकर्मा चौक से संबंधित मार्गों की बसें आएंगी। बाहर से आने वाली बसों को वहीं रोक दिया जाएगा। ऐसे में यात्रियों के लिए समस्या खड़ी होने वाली है। ऐसे में रोडवेज बस पकड़ने के लिए यात्रियों को सोच समझकर घर से निकलना होगा। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के वरिष्ठ केंद्र प्रभारी मुजफ्फरनगर डिपो राजकुमार तोमर ने बताया कि यात्रियों १२ मई २०२२ को जनपद में राज्यपाल का आगमन होने पर जिला प्रशासन द्वारा शहर के अंदर बसों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया गया है। इसलिए १२ मई २०२२ को तीन अस्थाई बस स्टैंड बनाए गए हैं, जो प्रातः ८.०० बजे से राज्यपाल के जाने तक बड़ौत, शामली, पानीपत, मेरठ, दिल्ली, मार्ग की बसें वहलना चौक से मिलेंगी। जानसठ, बिजनौर, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, मार्ग की बसें जानसठ बस स्टैंड से मिलेंगी। सहारनपुर, रुड़की, हरिद्वार, देहरादून व ऋषिकेश मार्ग पर जाने वाली बसें विश्वकर्मा चौक से मिलेंगी। राज्यपाल का कार्यक्रम सुबह से शाम तक यहां होने के नाते कल दिन भर यही स्थिति रहने वाली है। ऐसे में यात्रियों के लिए यह व्यवस्था मुसीबत बनने वाली है। विश्वकर्मा चौक या जानसठ बस स्टैंड पहुंचना तो फिर भी आसान है, लेकिन बस पकड़ने के लिए वहलना चौक जाना यात्रियों के लिए मुसीबत बन जाएगा। इसके अलावा उन यात्रियों की परेशानी की तो कल्पना की जा सकती है, जिन्हें बस स्टैंड पर पहुंच कर दूसरे स्थान की बस पकड़नी है। ऐसे में रोडवेज का सफर गुरूवार को लोगों के लिए भारी मुसीबत का सफर बनने वाला है। लोगों का कहना है कि इससे बेहतर तो होता कि बाईपास पर लंबे समय से बनाए गए प्रस्तावित रोडवेज अड्डे से बसों का संचालन किया जाता। इससे ट्रायल भी हो जाता और कम से कम एक ही स्थान पर बसों के आने से यात्रियों को इधर-उधर भटकने से बचा लिया जाता।







जानसठ रोड फ्लाई ओवर पर जाम में फंसे नौनिहाल धूप में बिलबिलाते हुए तथा जाम खुलवाने में जुटे पुलिसकर्मी। फोटो बुलेटिन

## कमेटी के दो लाख का तकादा करने पर चाकू घोंपा

मुजफ्फरनगर, 11 मई ( बु. )। भोपा थाना क्षेत्र के कस्बा भोकरहेड़ी के मोहल्ला हरिजन चौक निवासी गीतू कुमार ने बुधवार को पुलिस ऑफिस में शिकायती पत्र देकर बताया कि उसके भाई डॉ. विजय कुमार ने कस्बे के दो लोगों के पास कमेटी डाली हुई थी। यह कमेटी करीब छह माह पूर्व पूरी हो गई थी, जिसके दो लाख रुपये डॉक्टर के पास आने थे, लेकिन कई बार तकादा करने के बावजूद आरोपियों ने कमेटी के रुपये नहीं दिए। इसके बाद आरोपियों ने रुपये देने के लिए 9 मई का वादा किया, जिस पर शाम के समय डॉ. विजय कुमार बाइक से आरोपियों के घर पहुंचे। आरोप है कि वहां दोनों आरोपियों ने डॉ. विजय कुमार के साथ गाली-गलौच करते हुए उन्हें जातिसूचक शब्दों से अपमानित किया। इसका विरोध करने पर आरोपियों ने डॉ. विजय कुमार पर चाकू से हमला कर दिया, जो उनके पेट के बाईं तरफ से घुसकर दूसरी तरफ पार निकल गया। चाकू लगने से लहूलुहान होने के बाद डॉ. विजय कुमार किसी तरह जान बचाकर वहां से भाग निकले और कुछ दूर पहुंचकर बीच सड़क पर जाकर बेहोश होकर गिर पड़े। सूचना पर डायल-112 ने मौके पर पहुंचकर घायल डॉ. विजय को सीएचसी भोपा पहुंचाया, जहां से गंभीर हालत में उन्हें जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया। पीड़ित गीतू कुमार का कहना है कि उन्होंने भोपा थाने में घटना की तहरीर दी, लेकिन थाना पुलिस ने तीन दिन बीतने के बावजूद मामले में किसी तरह की कार्रवाई नहीं की। इसके चलते अब पीड़ित ने एसएसपी से आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गुहार लगाई है।

## उत्तर प्रदेश सरकार ने डीजीपी मुकुल गोयल को पद से हटाया



लखनऊ, 11 मई ( वार्ता ) उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने राज्य के पुलिस महानिदेशक मुकुल गोयल को अकर्मण्यता, सरकारी काम में रुचि नहीं लेने और अवहेलना करने जैसे गंभीर आरोपों के चलते बुधवार को पद से हटा दिया। राज्य सरकार के सूचना विभाग की ओर से जारी संक्षिप्त जानकारी के अनुसार ''पुलिस महानिदेशक मुकुल गोयल को शासकीय कार्यों की अवहेलना करने, विभागीय कार्यों में रुचि न लेने एवं अकर्मण्यता के चलते डीजीपी पद से मुक्त करते हुए महानिदेशक के पद पर भेजा गया है।'' फिलहाल गोयल की जगह नयी नियुक्ति के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गयी है। गौरतलब है कि भारतीय पुलिस सेवा के 1987 बैच के वरिष्ठ अधिकारी गोयल को पिछले साल जुलाई में ही राज्य का पुलिस प्रमुख बनाया गया था। अंतरिम आदेश के तहत उन्हें पुलिस महकमे में नागरिक सुरक्षा के महानिदेशक पद पर भेजा गया है। सूत्रों के अनुसार जल्द ही राज्य के नये डीजीपी की तैनाती की घोषणा की जायेगी।

## ज्ञानवापी मस्जिद परिसर के सर्वे मामले में सुनवाई पूरी, कल आ सकता है फैसला

वाराणसी, 11 मई ( वार्ता ) उत्तर प्रदेश के वाराणसी में ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में वीडियोग्राफी-सर्वे करने के मामले में स्थानीय अदालत में बुधवार को सुनवाई पूरी हो गयी तथा अदालत की ओर से कल इस मामले का फैसला सुनाये जाने की संभावना है। सिविल जज सीनियर डिवीजन रवि कुमार दिवाकर की अदालत ने बुधवार को वीडियोग्राफी के लिये नियुक्त एडवोकेट कमिश्नर को बदलने तथा वीडियोग्राफी के तौर तरीकों और नयी तिथि तय किये जाने के संबंध में हिंदू और मुस्लिम पक्ष की ओर से अपनी दलीलें दी गयीं। हिंदू पक्ष के वकील विष्णु शंकर जैन ने बताया कि उनकी ओर से अदालत से अनुरोध किया गया कि वीडियोग्राफी दल को मस्जिद के तहखाने में जाने की अनुमति दी जाये। उन्होंने कहा कि अदालत ने अपने पिछले फैसले में उस भूखंड की वीडियोग्राफी करने का आदेश दिया था, जिस पर मस्जिद का ढांचा खड़ा है। हिंदू पक्ष का कहना है कि इस फैसले के आधार पर वीडियोग्राफी का काम मस्जिद के चारों ओर लगी बैरीकेटिंग के अंदर तथा तहखाने में वीडियोग्राफी करने का प्रावधान है। वकील ने यह भी कहा कि अदालत में एडवोकेट कमिश्नर को बदलने अथवा वीडियोग्राफी का काम स्वयं जज द्वारा किये जाने के मुद्दों पर भी बहस हुयी। अदालत इन सभी मुद्दों पर कल दोपहर 12 बजे अपना फैसला सुना सकती है।

## मथुरा में झगड़ा सुलझाने गयी पुलिस पर किया हमला

मथुरा, 11 मई ( वार्ता ) उत्तर प्रदेश में मथुरा जिले के जमुनापार थाना क्षेत्र के अन्तर्गत नगला कोल्हू गांव में झगड़े की सूचना पर पहुंची पुलिस पर ही स्थानीय लोगों ने हमला कर एक पुलिसकर्मी की वर्दी फाड़ दी। मथुरा के पुलिस अधीक्षक ( नगर ) मार्तण्ड प्रकाश सिंह ने बुधवार को बताया कि इस मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है तथा कुछ महिलाओं समेत अन्य की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं। सिंह ने बताया कि मंगलवार की रात को गांव में झगड़े की सूचना पर नगला कोल्हू पहुंची पीआरवी के सिपाहियों पर एक पक्ष ने हमला कर दिया। इतना ही नहीं झगड़ा कर रहे एक गुट ने एक सिपाही की वर्दी फाड़ दी और उसकी सर्विस पिस्टल भी छीनने का प्रयास किया।

## 434 करोड़ रुपए मूल्य की 62 किलोग्राम हेरोइन जब्त

नयी दिल्ली 11 मई ( वार्ता ) मादक पदार्थों की तस्करी पर सख्त कार्रवाई जारी रखते हुए राजस्व खुफिया निदेशालय ( डीआरआई ) ने तस्करी के नए तरीके का पता लगाया है। एक एयर कार्गो खेप पकड़ने के बाद कल 62 किलोग्राम हेरोइन जब्त की है। यह भारत में कूरियर/कार्गो/हवाई यात्री मोड़ में हेरोइन की अब तक की सबसे बड़ी बरामदगी है। वित्त मंत्रालय ने आज यहां जारी बयान में कहा कि ब्लैक एंड व्हाइट कोड नाम के ऑपरेशन में डीआरआई ने उस कार्गो खेप से 55 किलोग्राम हेरोइन जब्त की जिसे ट्रॉली बैग घोषित किया गया था। यह कार्गो एंटेबे युगांडा से चली थी और दुबई होते हुए एयर कार्गो कॉम्प्लेक्स, इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा नई दिल्ली पहुंची थी। दो राज्यों पंजाब और हरियाणा में त्वरित अनुवर्ती कार्रवाई के कारण 7 किलोग्राम हेरोइन और 50 लाख की नकद राशि भी पकड़ने में सफलता मिली है। जब्त की गई इस 62 किलो हेरोइन की कीमत 434 करोड़ रुपये आंकी गई है। हालांकि आयातित खेप में 330 ट्रॉली बैग थे, लेकिन जब्त की गई हेरोइन 126 ट्रॉली बैग में बनाई गई धातु की खोखली ट्यूब में छिपाई गई थी। इसका पता लगाना बेहद मुश्किल था। डीआरआई अधिकारियों ने आपत्तिजनक खेप के आयातक को गिरफ्तार कर लिया है। अन्य संदिग्ध व्यक्तियों से भी पूछताछ की जा रही है। मामले में आगे की जांच चल रही है।

## जौहर यूनीवर्सिटी पर प्रवर्तन निदेशालय का शिकंजा

रामपुर 11 मई ( वार्ता ) सीतापुर जेल में निरूद्ध समाजवादी पार्टी ( सपा ) के कद्दावर नेता मोहम्मद आजम खान की मुसीबते खत्म होने का नाम नहीं ले रही हैं। शत्रु संपत्ति व अवैध कब्जे की जांच के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय ( ईडी ) और राजस्व विभाग की टीम ने बुधवार को आजम के ड्रीम प्रोजेक्ट मौलाना मोहम्मद अली जौहर यूनिवर्सिटी में डेरा जमाया और जमीन की पैमाइश की। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि प्रवर्तन निदेशालय ने जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मांदड़ को राजस्व विभाग की टीम का गठन करने के निर्देश दिए थे। इसके चलते जिलाधिकारी के निर्देश पर जिले में नौ सदस्यीय राजस्व विभाग की टीम का गठन किया गया। तहसीलदार सदर प्रमोद कुमार के नेतृत्व में इस टीम का गठन किया गया, जिसमें नायब तहसीलदार सदर शिव प्रकाश सरोज, प्रभारी राजस्व निरीक्षक संजय गंगवार, दरबारी लाल शर्मा, क्षेत्रीय लेखपाल प्रेमपाल, फतेहपाल, मुकेश, नरेश, रवि कुमार शामिल हैं।

## नाबालिग किशोरी के विवाह को लेकर बैंकट हॉल पर बवाल

मुजफ्फरनगर, 11 मई ( बु. )। नाबालिग किशोरी के विवाह को लेकर आज नई मंडी थाना क्षेत्र के एक बैंकट हॉल में जमकर बवाल हुआ। सूचना मिलने पर मौके पहुंची पुलिस ने विवाह रुकवा दिया और दोनों पक्षों को थाने बुला लिया, जहां देर रात तक दोनों पक्षों के बीच बातचीत चल रही थी। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि मेरठ जनपद की निवासी एक नाबालिग किशोरी का विवाह मंडी क्षेत्र के एक बैंकट हॉल में सिसौली निवासी युवक के साथ किया जा रहा था। सूत्रों ने बताया कि किशोरी के ताऊ ने मामले की शिकायत पुलिस से की। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने विवाह को रुकवा दिया और दोनों पक्षों को थाने बुला लिया जहां किशोरी के माता पिता उसे बालिग बताते हुए विवाह के समर्थन में थे, जबकि किशोरी का ताऊ उसे नाबालिग बताते हुए विवाह के विरोध में था पुलिस ने किशोरी के बालिग होने के दस्तावेज मांगते हुए फिलहाल विवाह को करवा दिया है।

## उत्तर प्रदेश विधान सभा का पहला सत्र 23 मई से

लखनऊ, 11 मई ( वार्ता ) उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने राज्य की नवगठित विधान सभा का पहला सत्र आगामी 23 मई को आहूत किया है। विधान सभा सचिवालय की ओर से बुधवार को जारी बयान के अनुसार विधान मंडल के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को राज्यपाल, 23 मई को दिन में 11 बजे संबोधित करेंगी। गौरतलब है कि गत 10 मार्च को संपन्न हुए विधान सभा चुनाव के परिणामस्वरूप 11 मार्च 2022 को उत्तर प्रदेश की 18वीं विधान सभा का गठन हुआ।

## रात में भरे गड्ढे सुबह उखड़े

### ❑लाखों रुपये खर्च कर सड़कों की एक दिन की गोद भराई

मुजफ्फरनगर, ११ मई (बु.)। राज्यपाल के आगमन का असर जिला प्रशासन पर नजर आया। इसके चलते रातों रात और आज दिन भर शहर की गड्ढेदार सड़कों की मरम्मत में अमला जुटा रहा। हालांकि यह मरम्मत भी ऐसी हुई कि कई स्थानों पर रात की मरम्मत सुबह तक उखड़ गई। जिले की सबसे अधिक खस्ताहाल जानसठ रोड को भी महामहिम के आगमन का फायदा हो गया। कुछ समय ही भले चलें, लेकिन सड़क पर टुक्कियां लगाकर काम चलाऊ मरम्मत कर दी गई।

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के आगमन की सूचना के बाद से ही प्रशासन उन स्थानों पर व्यवस्था को चाक चौबंद करने में जुटा था। इसके चलते जहां कलेक्ट्रेट परिसर के अलावा जिला चिकित्सालय और जिला कारागार में आज भी धुलाई सफाई का काम चलता रहा, वहीं उन सड़कों की छाती पर बड़े-बड़े गड्ढों को भरने में प्रशासन जुटा रहा, जिन मार्गों से महामहिम का आवागमन होना है। इसके चलते कल से ही प्रशासन के निर्देश पर विभागीय टीमें सड़कों के जख्म दुरुस्त करने में जुटी थीं। ऐसे में देर रात तक शहर की सड़कों के गड्ढे भरने में टीमें जुटी रहीं। कलेक्ट्रेट के आसपास के साथ मालवीय चौक, अंसारी रोड, पचैंडा रोड और जिला चिकित्सालय के साथ रुड़की रोड पर भी गड्ढों की भराई का काम रात के साथ आज भी दिन भर चलता रहा। आनन फानन में इन गड्ढों को भरने के लिए लाखों रुपये के खर्च से बारीक कोरसेंट में काम चलाऊ तारकोल मिलाकर जैसे-तैसे गड्ढों को भर दिया गया। हालांकि इसमें किसी प्रकार की गुणवत्ता का कोई ध्यान नहीं रखा गया। गड्ढे भरने के बाद इन स्थानों पर तमाम जगह कूबड़ निकले नजर आए। कुछ स्थानों पर तो स्थिति यह थी कि सील कोट के इस काम के बाद रात में जहां गड्ढे भरे गए थे, वे सुबह ही उखड़े मिले। बाकी जिन स्थानों पर गड्ढों की गोद भराई की गई है, उनका भी सड़कों के साथ रिश्ता ज्यादा दिन चलने वाला नहीं है। बारिश पड़ी तो चंद घंटों में ही यह सड़कें पुराने से भी बदतर हालत में पहुंच जाएंगी। पिछले कई सालों से बेहद खस्ता हाल अवस्था में पड़ी जानसठ रोड की किस्मत भी आधी अधूरी खुल गई। कई-कई फुट के गड्ढों वाली इस सड़क की मरम्मत में लोकनिर्माण विभाग का अमला जुटा रहा। ऐसे में गड्ढों को भरकर वहां फिलहाल काम चलाऊ गड्ढा मुक्ति का काम कर दिया गया है। इस सड़क के लोगों को इंतजार है कि फोर लेन का काम शुरू हो ताकि इसकी गत सुधरे।

# प्रशासन की नरमी से कांधला में भू माफियाओं की जीत

कांधला, 11 मई (बु.)। उत्तर प्रदेश सरकार व प्रशासन के आदेश पर नगर व क्षेत्र के विभिन्न तालाबों व शत्रु सम्पत्ति, सरकारी भूमि पर कब्जा करने वाले लोगों को नोटिस भेजकर कब्जे को हटाने की चेतावनी देना तीन लेखपालों को महंगा पड़ गया। सत्तासीन नेताओं के दबाव के चलते लेखपालों को एसडीएम कैराना के द्वारा कांधला से हटा दिया, जिसके चलते कांधला में अवैध कब्जों को बुल्डोजर की कार्यवाही पर पूर्ण रूप से विराम लग चुका है। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने सरकारी जमीनों व तालाब, शत्रु संपत्ति से अवैध कब्जा हटवाने के सख्त निर्देश दिए थे। कैराना के पश्चात कांधला में योगी सरकार के बुल्डोजर ने अवैध संपत्ति पर औपचारिक कार्रवाई शुरू कर दी थी। कांधला के दक्षिणी के लेखपाल लवकेश, उत्तरी के लेखपाल शमशेर, पूर्वी के लेखपाल मिंटू चौहान ने डीएम शामली के आदेश पर नगर व क्षेत्र की भूमि पर अवैध कब्जा करने वाले लोगों को चिन्हित कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे, जिसके चलते हल्का लेखपालो ने खसरा नंबर 2274, 4789, 2626 की भूमि में तालाब पर पिछले काफी अरसे से कब्जा कर अवैध निर्माण करने वाले लोगों को कार्रवाई की हिदायत दी थी। इस सम्बंध में हल्का लेखपालों के द्वारा 130 से भी अधिक लोगों को चिह्नित कर अवैध कब्जा हटाने का नोटिस भेजा गया था। राजस्व विभाग का नोटिस मिलने के पश्चात उक्त भूमि पर कब्जा करने वाले भू-माफियाओं में हड़कंप मच गया था, जबकि कुछ स्थानों पर लेखपाल की टीम द्वारा बुल्डोजर की सहायता से कब्जा भी हटवाया गया। माना जा रहा था कि शीघ्र ही नगर व क्षेत्र सरकारी भूमियों पर अवैध कब्जा हटाकर उक्त भूमियों को विकास के लिए प्रयोग में लाई जाएगी, लेकिन प्रशासन की मेहनत पर पानी फिर गया। सूत्रों के मुताबिक उक्त भूमि पर अवैध कब्जा करने वाले लोगों को सत्तासीन तीन नेताओं का संरक्षण प्राप्त है। सत्तासीन नेता की पैरवी के पश्चात अवैध कब्जे को हटाने के नोटिस जारी करने वाले तीनों लेखपालों पर प्रशासन की कार्रवाई का हन्टर चल गया। एसडीएम के आदेश पर तीनों लेखपालों का स्थानान्तरण करा दिया गया, जिसके चलते उत्तर प्रदेश सरकार के सीएम योगी आदित्यनाथ के आदेश पर सत्तासीन नेताओं की पैरवी भारी पड़ती दिखाई दी। मामले को लेकर नगर क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।


गर्मी हो या ना हो काम तो करना ही होगा। भयंकर गर्मी के बीच से अपने -अपने गंतव्य की ओर रवाना होते लोग।

## आज का इतिहास

नयी दिल्ली, 11 मई (वार्ता)। भारत एवं विश्व इतिहास में 12 मई की प्रमुख घटनाएं इस प्रकार है- 1459- राव जोधा ने जोधपुर की स्थापना की। 1666- पुरंदर की संधि के तहत छत्रपति शिवाजी महाराज औरंगजेब से मिलने आगरा पहुंचे। 1784- पैरिस समझौता प्रभावी हुआ। 1847- विलियम क्लेटन ने ओडोमीटर का आविष्कार किया। 1915- क्रांतिकारी रासबिहारी बोस ने जापानी नौका सानुकी मारू पर सवार होकर भारत छोड़ा। 1965- इजरायल और पश्चिम जर्मनी ने राजनयिक संबंध शुरू करने के लिए पत्रों का आदान प्रदान किया। 1993- हिन्दी के जाने माने कवि शमशेर बहादुर सिंह का निधन। 2002- अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जिम्मी कार्टर फिदेल कास्त्रो के साथ बातचीत करने के लिए पांच दिन की यात्रा पर क्यूबा पहुंचे। कास्त्रो की 1959 क्रांति के बाद से क्यूबा की यात्रा करने वाले कार्टर अमेरिका के पहले राष्ट्रपति बने। 2008- चीन के सिचुआन में भूकंप से 87 हजार से अधिक लोगों की मौत, 3,74,643 लोग घायल हुए। 2008- जजों की बहाली के मामले पर कोई सहमति न बन पाने के कारण पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ़ ने साझा सरकार से हटने का फैसला किया। 2010- लीबिया में त्रिपोली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के निकट अफ्रीकिया एयरवेज का विमान दुर्घटनाग्रस्त होने से उसमें सवार 104 लोगों में से 103 लोगों की मौत। 2015- नेपाल में भूकंप से 218 लोगों की मौत और 3500 से अधिक घायल। 2017- दुनियाभर में 4000 से कम्प्यूटरों पर एक रैनसमवेयर ने हमला किया।

## पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट की बैंच की स्थापना के लिये चर्चा की

मुजफ्फरनगर, ११ मई (बुस.)। दी गुड़ खांडसारी एंड ग्रेन मर्चेन्ट्स एसोसिएशन की एक बैठक नवीन मंडी स्थल में एसोसिएशन के कार्यालय में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता संजय मित्तल व संचालन श्याम सिंह सैनी ने किया। बैठक में पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट की बैंच की स्थापना के लिये वकील, आम आदमी, व्यापारी व किसान काफी लम्बे समय से संघर्ष कर रहे हैं, इस पर चर्चा की गई। दी गुड़ खांडसारी एंड ग्रेन मर्चेन्ट्स एसोसिएशन पूर्व की भांति पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले में हाईकोर्ट बैंच की स्थापना की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मांग करती है। उत्तर प्रदेश का हाईकोर्ट इलाहाबाद में स्थित है और उसकी एक मात्र बैंच लखनऊ में स्थापित है। ऐसे में पश्चिमी उत्तर के व्यक्तियों को इलाहाबाद या लखनऊ जाकर न्याय की लड़ाई लड़नी पड़ती है, वहां जाकर मुकदमें की पैरवीं करना कड़ी चुनौती है। इस सम्बन्ध में यह भी मांग की गई है कि उत्तर प्रदेश से भी कम आबादी व कम क्षेत्रफल वाले कई प्रदेशों में लोगों की सहूलियत के लिए हाईकोर्ट की आधा दर्जन तक बैंच बनाई गई हैं, मगर उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट की एक ही बैंच है, जो लखनऊ में है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के निवासियों को इंसाफ पाने के लिए समय के साथ-साथ आर्थिक रूप से भी भारी नुकसान उठाना पड़ता है। कई बार गरीबों को न्याय मिलना भी मुश्किल हो जाता है। इतना ही नहीं पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बैंच की स्थापना न होने के कारण इलाहाबाद हाईकोर्ट में लम्बित मुकदमों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है, जिनका निस्तारण आसान नहीं है। समस्त व्यापारी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व कानून मंत्री किरेन रिजिजू से मांग करते हैं कि लम्बे समय से आम आदमी के संघर्ष व सुविधा को देखते हुए पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले में हाईकोर्ट बैंच की स्थापना तुरंत कराये। इससे व्यापारियों को भी भारी फायदा होगा तथा बात-बात में अधिकारियों द्वारा व्यापारियों का शोषण बंद होगा तथा उल्टे-सीधे कानून थोपने से निजात मिलेगी। हाईकोर्ट बैच की संख्या में बढ़ोत्तरी होने से लम्बित मुकदमों में कमी आयेगी, कानून का शासन बढ़ेगा, जिससे भारत में निवेश करने वालों का भारत के कानून पर अधिक विश्वास बढ़ेगा और भारत में अधिक निवेश की संभावना बढ़ेगी। बैठक में संजय मित्तल, श्याम सिंह सैनी, हरिशंकर मूंधड़ा, सुरेन्द्र बंसल, कृष्णचन्द मूंधडा, अरविन्द गोयल, जितेन्द्र कुच्छल, संजीव गोयल, अशोक कुमार गोयल, रमेश कुमार सिंघल, अरूण खण्डेलवाल, राजेश गोयल, दिनेश चौधरी, संजय मिश्रा, नरेन्द्र कुमार, पुलकित गुप्ता, अनुज सिंघल, अंचित मित्तल, श्याम सुन्दर बेड़िया, नितिन सिंघल, अमित जैन, मनीष चौधरी, अशोक बंसल, हरिशंकर तायल, सुशील मित्तल, अनिल प्रकाश बंसल, रवि शर्मा, संदीप गुप्ता, अनिल बिन्दल, अनुज अग्रवाल, विजय कुमार, नितिन संगल, राजेन्द्र सिंघल, सुरेश चन्द, मुकेश जैन (टीटू), संदीप जैन, अनुज मोहन सिंघल व आशीष मलिक आदि मौजूद रहे।

## देवी मंदिर मार्ग पर मजदूरों पर महिलाओं से छेड़छाड़ का आरोप

शामली, 11 मई (बु.)। शहर के राजो मौहल्ला स्थित श्री देवी मंदिर चौदस मंदिर कमैटी पदाधिकारियों ने वार्ड सभासद पति के नेतृत्व में एसडीएम को शिकायती पत्र सौंपा, जिसमें उन्होंने मंदिर के बाहर मजदूरों की भीड़ पर महिला श्रद्धालुओं व छात्राओं के साथ छेड़छाड़ करने और अश्लील भाषा का प्रयोग करने का आरोप लगाया है। बुधवार को वार्ड सभासद पति निशिकांत संगल के साथ मंदिर कमैटी के अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार गर्ग ने एसडीएम सदर को शिकायती पत्र देकर बताया कि राजो मौहल्ला में मंदिर के बाहर एवं सड़क के बीचों बीच मजदूरों की भीट को हटाया जाये। आरोप है कि मजदूरों द्वारा मंदिर आने जाने वाली महिला श्रद्धालुओं व छात्राओं के साथ छेड़छाड़ एवं आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग किया जाता है। प्रतिदिन सवेरे साढ़े 7 बजे से साढ़े 9 बजे तक सार्वजनिक रास्ते पर अनाधिकृत जमावड़ा लगाया जाता है, जो गलत है, जिसको हटाया जाये। मामले में एसडीएम ने शहर कोतवाली पुलिस को पूरे प्रकरण में मौके पर पुलिस टीम भेजकर समस्या का नियमानुसार समाधान कराये जाने के निर्देश दिये हैं।

## दो टीमों ने हिंसक आवारा सांड को रेस्क्यू कर पकड़ा

कांधला, 11 मई (बु.)। नगर के मौहल्ला रायजादगान में आवारा हिंसक सांड ने एक व्यक्ति को टक्कर मारकर घायल कर दिया। मौहल्लेवासियों के हंगामे व शिकायत के बाद नगर पालिका में पशु चिकित्सा विभाग की टीम ने मौके पर रेस्क्यू करते हुए आवारा हिंसक सांड को काबू कर गौशाला में छोड़ दिया, जिसके चलते मोहल्लेवासियों ने राहत की सांस ली। नगर में आवारा हिंसक पशु आमजन के लिए परेशानी व जोखिम का सबब बनते जा रहे हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ के आदेश के पश्चात भी आवारा हिंसक पशुओं को पकड़े जाने का अभियान नहीं चलाया जा रहा है, जिसके चलते आए दिन हिंसक आवारा सांड आमजन अपना शिकार बना कर घायल कर रहे हैं। ऐसा ही मामला नगर के मोहल्ला रायजादगान में देखने को मिला, जिसमें आवारा काला सांड आतंक का पर्याय बना हुआ था। मौहल्लेवासियों का आरोप है कि आवारा सांड राह से गुजरने वाले लोगों को टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर देता था। 2 दिन पूर्व सांड ने मौहल्लेवासी कल्लू को टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया, जिसके चलते मौहल्लेवासियों की शिकायत पर सभासद महताब जंग ने नगर पालिका प्रशासन से रेस्क्यू कर सांड को पकड़े जाने की मांग की थी। बुधवार को नगर पालिका प्रशासन पशु स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर पहुंची तथा घंटों के रेस्क्यू के बाद आवारा सांड को काबू कर पकड़ लिया। टीम ने आवारा सांड को काबू करने के पश्चात क्षेत्र के गौशाला में ले जाकर छोड़ दिया, जिसके चलते मौहल्लेवासियों के साथ प्रशासन ने भी राहत की सांस ली।

## निराश्रित गोवंश के लिए चारा दान का अभियान शुरू

मुजफ्फरनगर, ११ मई (बु.)। शासन की योजना के तहत जिले में निराश्रित गोवंश के लिए चारा दान अभियान चलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री तथा वर्तमान सरकार की शीर्ष प्राथमिकता वाली 'निराश्रित गोवंश संरक्षण योजनान्तर्गत' जनपद मुजफ्फरनगर में ४६०६ निराश्रित गोवंश से संरक्षित कर जनपद में संचालित विभिन्न गोवंश आश्रय स्थलों पर वर्तमान में संरक्षित किए गए हैं, जिनका भरण-पोषण उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा किया जा रहा है। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार वर्तमान में भूसे के उत्पादन को दृष्टिगत रखते हुए अपेक्षा की गई है कि जनता को निराश्रित गोवंश के प्रति जागरूक करते हुए लोगों से दान में भूसा आदि देने हेतु अनुरोध किया जाये। जिलाधिकारी चंद्र भूषण सिंह ने समस्त जनपदवासियों से अपील की है कि संरक्षित किए जा रहे निराश्रित गोवंश के भरण-पोषण में सहयोग करते हुए अधिक से अधिक मात्रा में भूसा, हरा-चारा, चौकर, खल, आदि अपने निकटतम खंड विकास अधिकारी/गोवंश आश्रय स्थल पर संपर्क कर दान में देने का कष्ट करें तथा गोवंश की सेवा कर पुण्य लाभ उठाएं। जनपद के ऐसे सम्मानित/प्रतिष्ठित/पशु प्रेमी/गोवंश में आस्था रखने वाले नागरिकों से अपील की जाती है कि यदि आपके पास गोवंश को दान में देने के लिए भूसा, हरा, चारा आदि की उपलब्धता नहीं है तो आप नगद धनराशि के रूप में भी दान कर सकते हैं। यह दान आप अपने निकटतम खंड विकास अधिकारी अथवा उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को देकर रसीद प्राप्त कर सकते हैं। जो गौ प्रेमी न्यूनतम १० कुंटल भूसा अथवा दान में ११००० रुपये की धनराशि दान करेंगे उन्हें प्रशासन द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। आयुक्त सहारनपुर मंडल के द्वारा निर्देशित किया गया है कि प्रत्येक ग्राम प्रधान एवं पंचायत सचिव के माध्यम से प्रति ग्राम पंचायत न्यूनतम १० कुंटल भूसा दान स्वरूप ग्राम के सक्षम किसानों के सहयोग से प्राप्त कर निकटतम गोआश्रय स्थल पर संग्रहित करवाएं तथा जो ग्राम पंचायत अधिकतम भूसा संरक्षण कराने में सहयोग करें उस ग्राम पंचायत को सम्मानित व प्रोत्साहित किया जाएगा। डीएम ने कहा कि दानदाताओं द्वारा दान की गई सामग्री एवं धनराशि का उपयोग केवल निराश्रित गोवंश के भरण-पोषण के लिए किया जाएगा।


श्री राधे व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान के द्वारा महाकाल लंगर सेवा के प्रमुख महेश बाटला को विश्वदीप गोयल ने पटका पहनाकर उनका स्वागत किया। उक्त भंडारा २८ मई २०२० से लगातार जारी है। व्यापारी सुरक्षा फोरम ने महाकाल से उनके स्वस्थ रहने की प्रार्थना की। इस अवसर पर सचिन खुराना, विश्वदीप गोयल, राजकुमार रहेजा, मनोज गुप्ता, सागर अरोरा, राजीव, सभासद राहुल पंवार, नितिन कुच्छल, अरूण सपरा, संजय गोयल, शिवकुमार त्यागी, दीपक शर्मा, मुनीष शर्मा, हरबीर सिंह सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

## जिंदल स्टेनलेस दिल्ली-मेरठ रैपिड ट्रेन के लिए देगी 2000 टन विशेष स्टील

नयी दिल्ली, 11 मई (वार्ता) स्टेनलेस स्टील निर्माता जिंदल स्टेनलेस दिल्ली और मेरठ के बीच भारत की पहली क्षेत्रीय तीव्र रेल परिवहन प्रणाली के लिए बनायी जा रही ट्रेनों के लिए एल्सटॉम इंडिया को विशेष किस्म के स्टेनलेस स्टील की आपूर्ति कर रही है। जिंदल स्टेनलेस ने बुधवार को एक बयान में बताया कि इस परियोजना के तहत जिंदल स्टेनलेस 210 ट्रेनों को तैयार करने के लिए एल्स्टॉम को 2जे फिनिश में विश्व-स्तरीय 301एलएन श्रेणी के 2000 टन स्टेनलेस स्टील की आपूर्ति करेगी। स्टेनलेस स्टील का उपयोग ट्रेन के लिए ढांचा, दीवार, छत और अन्य चीजों को बनाने में किया जाएगा।

## डग्गामारी के विरुद्ध एआरएम व एआरटीओ ने चलाया अभियान

कैराना, 11 मई (बु.)। एआरटीओ व रोडवेज के एआरएम ने संयुक्त रूप से डग्गामार वाहनों के विरुद्ध अभियान चलाया। टीम को देखकर डग्गामार वाहन चालक मौके से फरार हो गये। इस दौरान टीम ने 6 वाहनों को सीज करने के अलावा एक बस का भी चालान किया। टीम ने सभी 7 वाहनों पर करीब सवा लाख का जुर्माना लगाया। बुधवार को एआरटीओ मुंशी लाल व रोडवेज के एआरएम आयुष भटनागर कैराना में कांधला तिराहे पर पहुंचे, जहां से प्रतिदिन पानीपत के लिए डग्गामार गाड़ियां चलती हैं। टीम को देखकर डग्गामार वाहन चालक फरार होने लगे। इस दौरान टीम ने पानीपत रूट पर डग्गामारी में चलने वाली दो इको गाड़ियों को सीज कर दिया। इसके अलावा तीन टैम्पू सीज किए गये। कांधला रोड पर एक सवारी बस का चालान किया गया। साथ ही इण्डस्टियल एरिया में बारात के परमिट पर सवारी ढो रही एक बस को सीज किया गया। एआरटीओ मुंशी लाल ने बताया कि कैराना में डग्गामारी के विरुद्ध रोडवेज एआरएम के साथ संयुक्त अभियान चलाया गया था। 6 वाहनों को सीज व एक बस का चालान किया गया। करीब सवा लाख का जुर्माना लगाया गया है।

## मुजफ्फरनगर मण्डी

मुजफ्फरनगर, 11 मई (बु.)। मुजफ्फरनगर मंडी में गुड़-शक्कर के भाव इस प्रकार रहेः-
रसकट ढैया 1000-1010, चाकू 1200-1470, लड्डू 1225-1340, खुरपापाड़-1180, शक्कर सुनेहरी 1320-1335, आमद- 4000 मन।

## शाहपुर मण्डी

शाहपुर, 11 मई (बु.)। शाहपुर मंडी में गुड़-शक्कर के भाव इस प्रकार रहे:- खुरपापाड़- 1150, पेड़ी- 1230, आमद- 500 मन।

## सर्राफा बाजार

मुजफ्फरनगर, 11 मई (बु.)। सोना-चांदी के भाव इस प्रकार रहे-
सोना- 52,600 चांदी- 63,000
सिक्का- 75,000 गिन्नी- 40,200



## आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को उपहार देकर सम्मानित किया

मुजफ्फरनगर, ११ मई (बुस.)। जिला पंचायत सदस्य पंडित भगवान शर्मा ने आज अपने ५४वें जन्मदिन पर आशा व आंगनबाडी कार्यकत्रियों को उपहार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उनके आवास पर बड़ी संख्या में बधाई देने के लिए क्षेत्रवासी भी पहुंचे और मिठाई खिलाकर दीर्घायु होने की कामना की।

## अपात्रों का राशन बना व्यवसाय

जानसठ, ११ मई (बु.)। गरीबों के लिए दिए जाने वाला फ्री का राशन गली-गली आवाज लगाकर बिक रहा है। अपात्र लोगों को मिलने वाले राशन लोगों के पेट में न जाकर वह कुछ लोगों के लिए व्यवसाय का कारण बना गया है। फ्री मिलने वाले राशन पर पहले ही प्रश्नचिंह लगे हुए हैं। कई अपात्रों को फ्री का राशन दिया जा रहा है। हालांकि जांच की बात आने के बाद कुछ लोगों ने राशन लेने से इंकार कर दिया है, लेकिन अभी भी हजारों अपात्र राशन लेकर बेच रहे हैं। या फिर पालतु पशुओं के लिए काम आ रहा है। जैसे ही राशन का वितरण शुरू किया जाता है, वैसे ही राशन को खरीदने वाले भी सक्रिय हो जाते हैं। वह गली-गली आवाज लगाकर फ्री मिलने वाला राशन खरीद रहे हैं। नाम न छापने की शर्त पर एक गेंहू चावल खरीदने वाले ने बताया कि वह १८ सौ रुपए प्रति कुंतल के हिसाब से राशन खरीद रहा है, जो बाजार में आसानी से दो हजार से इक्कीस सौ रुपए तक बिक जाता है। उसने बताया कि वह एक दिन में दस से पंद्रह कुंतल तक गेंहू-चावल खरीद लेता है, जिससे उसे दो से तीन हजार रुपए तक की कमाई हो जाती है। एसडीएम जयेंद्र कुमार ने बताया कि राशन बेचना कोई अपराध नहीं है, लेकिन यदि अभी भी अपात्र लोगों को राशन मिल रहा है, तो उसकी जांच कराई जाएगी। यदि कोई अपात्र राशन लेता हुआ पाया गया, तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उससे पूरे राशन की वसूली भी की जाएगी।



## जुर्म स्वीकार करने पर 5 सौ रुपये जुर्माने की सजा

कैराना, 11 मई (बु.)। महिला पर अश्लील फब्तियां कसने के मुजरिम द्वारा अदालत में जुर्म स्वीकार करने व अदालत से क्षमा याचना मांगने पर अदालत ने मुजरिम पर 5 सौ रुपये जुर्माना लगाया। सहायक अभियोजन अधिकारी आनन्द भास्कर ने बताया कि 8 अक्टूबर 2014 को झिंझाना पुलिस ने झिंझाना निवासी आकाश को महिला पर अश्लील फब्तियां कसने के आरोप में गिरफ्तार करके जेल भेजा था। उक्त मुकदमे की सुनवाई सिविल जज जूनियर डिविजन सुधा शर्मा की अदालत में चल रही थी। अभियोजन पक्ष की ओर से 4 गवाह पेश किए गये। सुनवाई के दौरान मुजरिम आकाश ने अदालत में अपना जुर्म स्वीकार करते हुए अदालत से क्षमा याचना मांगी थी। बुधवार को न्यायाधीश सुधा शर्मा ने मुजरिम द्वारा जुर्म इकबाल करने पर 5 सौ रुपये का जुर्माना लगाया। जुर्माना अदा न करने पर 10 दिन का कारावास भुगतना होगा।

## पुलिस को मिला एक सप्ताह का समय, वार्ता 2 घंटे बाद हुई समाप्त

बुढ़ाना, 11 मई (बु.)। स्थानीय अधिकारियों को लगभग दो घंटे का इंतजार कराने के बाद डाक बंगले में पहुंचे उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री सुधाकर सिंह कश्यप ने पुलिस प्रशासन के अधिकारी सीओ विनय गौतम, तहसीलदार सतीश चंद बघेल और बुढ़ाना कोतवाल जितेंद्र कुमार यादव से लंबी बातचीत की, तो उन्होंने बातचीत का निष्कर्ष निकलने के बाद मीडिया से बातचीत में बताया कि गांव बड़ौदा के विपिन कश्यप और गांव टांडा माजरा के सत्यपाल कश्यप के परिजनों को पांच बीघा का पट्टा, दोनों परिवार को सुरक्षा के लिए एक एक गनर, एक सप्ताह के भीतर दोनों हत्याओं के खुलासे और पहली आर्थिक मदद में 30-30 हजार रुपए और दूसरी आर्थिक मदद में पांच-पांच लाख रुपए की आर्थिक मदद दी जाएगी। इस दौरान नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद बुढ़ाना के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर सोनू कश्यप, सेफरोन रेस्टोरेंट के आनर इमरान जिया और समाजसेविका काजल कटारिया भी मौजूद रहे।

## आपका आज का राशिफल
### बृहस्पतिवार, 12 मई, 2022

**मेष**-भाग्योदय के नवीन आयाम सुलभ, आर्थिक उन्नति धनागम का सुयोग, नौकरी में पदोन्नति विषयक मसला सुलझने की ओर, जीवन साथी से सहयोग।

**वृषभ**-अभीष्ट सिद्धि का प्रयास, विशिष्टजनों से सम्पर्क का सुपरिणाम प्राप्त, घरेलू वातावरण सुखद, पठन-पाठन में रुचि, जिम्मेदारियों को निभाने हेतु व्यय।

**मिथुन**-दिनचर्या अव्यवस्थित, सहयोगियों से विवाद की आशंका, दाम्पत्य जीवन में मतभेद, पठन-पाठन में अरुचि, नवीन समस्याएँ प्रभावी, यात्रा में परेशानी।

**कर्क**-कुछेक समस्याओं का समाधान, नवयोजना दृष्टिगत, बकाए धन की प्राप्ति, आपसी वैमनस्यता में कमी, वैवाहिक संबंधों में सुधार, मानसिक शांति।

**सिंह**-बहुप्रतिक्षित कार्यों में सफलता, नवयोजना दृष्टिगत, आर्थिक-व्यावसायिक उन्नति, अध्यात्म में आस्था, जनकल्याण की भावना जागृत, यात्रा संतोषजनक।

**कन्या**-आर्थिक प्रगति, दूसरों की सलाह से कामयाबी, सुसमाचार की प्राप्ति, नौकरी में पदोन्नति, उत्तरदायित्व का निर्वाह, मित्रों से सहयोग, धनागम भी।

**तुला**-समय असंतोषजनक, लाभ का मार्ग अवरुद्ध, आत्मिक शांति का अभाव, धर्म के प्रति अरुचि, मित्रों से मतभेद, कर्ज से परेशान, यात्रा असफल।

**वृश्चिक**-विचाराधीन योजना को मूर्त रूप में परिणत, सामाजिक कृत्यों से सुयश की प्राप्ति, परिवार में हर्षोल्लास का वातावरण, कर्ज की निवृत्ति का प्रयास।

**धनु**-व्यापारिक वातावरण मनोनुकूल, शिक्षा एवं प्रतियोगिता के क्षेत्र में सफलता, दाम्पत्य जीवन में मधुरता, मौज-मस्ती में व्यय, मनोरंजन में रुझान।

**मकर**-भाग्योन्नति के नवीन आयाम सुलभ, प्रतिकूल परिस्थितियों पर विजय, कर्ज की निवृत्ति का प्रयास सार्थक, बुद्धि का विकास।

**कुंभ**-स्वास्थ्य विपरीत, पारिवारिक उलझनें, प्रेम संबंधों में अड़चनें, पठन-पाठन में अरुचि, विरोधी सक्रिय, धन हानि की आशंका, कार्य क्षमता में कमी।

**मीन**-आर्थिक व्यावसायिक प्रगति, विशिष्ट जनों से सम्पर्क, दूसरों के आश्वासनों से मानसिक राहत, इच्छित पद की प्राप्ति।

**विमल जैन**, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-२/१-७६,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाउन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-२२१००२ मोबाइल ९३३५४१४७२२



## उच्च प्राथमिक विद्यालय नसीरपुर में विद्यालय का वार्षिकोत्सव मनाया

मुजफ्फरनगर, ११ मई (बुस.)। आज उच्च प्राथमिक विद्यालय नसीरपुर में विद्यालय का वार्षिकोत्सव मनाया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य नारी चौपाल, स्कूल चलो अभियान और प्रथम, द्वितीय, तृतीय आने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत करना था। आज के इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी डॉक्टर नेहा शर्मा और विशिष्ट अतिथि बीना शर्मा, खंड शिक्षा अधिकारी अजय कुमार सिंह, समन्वयक बालिका शिक्षा, समेकित शिक्षा, प्रशिक्षण प्रभारी सुशील कुमार रहे। इस अवसर पर ग्राम प्रधान लक्ष्मी देवी सेक्रेटरी योगेश एवं छात्र-छात्राओं के माता-पिता भी उपस्थित रहे। वार्षिक उत्सव के इस पावन अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसकी सभी अतिथियों द्वारा बहुत प्रशंसा की गई। इसी अवसर पर विद्यालय की एक पत्रिका का विमोचन भी किया गया, जिसकी संयोजिका मीरा शर्मा रही। अंत में सभी बच्चों को रिजल्ट कार्ड व इनाम देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। समस्त स्टाफ का पूर्ण सहयोग रहा। अंत में इंचार्ज अध्यापिका शबाना परवीन द्वारा सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। इस कार्यक्रम की संयोजिका व मंच का संचालन मीरा शर्मा (सहायक अध्यापक) के द्वारा किया गया।

## एसडी पब्लिक स्कूल में हर्षोल्लास से मना राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस

मुजफ्फरनगर, ११ मई (बुस.)। पटेल नगर स्थित एसडी पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। विद्यालय के भौतिकी के अध्यापक आकाश कुमार गर्ग ने अपने भाषण द्वारा विद्यार्थियों को बहुत ही सरल तरीके से बताया कि भारत सरकार द्वारा हर साल ११ मई को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के रूप में मनाया जाता है। आज ही के दिन १९६८ में राजस्थान के पोखरण में परमाणु मिसाइल का सफल परीक्षण मिसाइल मैन डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के नेतृत्व में किया गया था। इसके पश्चात् तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने भारत को एक परमाणु देश घोषित किया था। कक्षा १०-डी की छात्राओं समीक्षा सोम तथा शिवांगी गर्ग ने अध्यापक आकाश कुमार गर्ग के मार्ग निर्देशन में ग्रीन पॉवर प्लांट से बिजली का उत्पादन कैसे किया जा सकता है, इस प्रक्रिया को छात्रों के समक्ष प्रदर्शित किया। इसके उपरान्त हाउसवाईज राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों का पुरस्कार देकर उत्साहवर्धन किया गया। जिला स्तर तथा राष्ट्रीय स्तर पर समय-समय पर आयोजित होने वाली विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी प्रतियोगिताओं में शिक्षक आकाश कुमार गर्ग तथा विज्ञान विभाग के अन्य शिक्षकों के कुशल नेतृत्व में विद्यालय के होनहार विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया है तथा प्रथम स्तर, द्वितीय स्तर पर स्थान सुरक्षित करके विद्यालय तथा अपने माता-पिता को गौरवान्वित किया है। विद्यालय के प्रतिभाशाली शिक्षक आकाश कुमार गर्ग को मिडिल विंग इंचार्ज गीता मित्तल ने एक पौधा देकर सम्मानित किया। विद्यालय की डॉयरेक्टर चंचल सक्सैना, प्रधानाचार्या अनीता दत्ता ने छात्रों को भारतीय वैज्ञानिक कल्पना चावला तथा सुनीता विलियम्स के महत्वपूर्ण योगदान के बारे में बताते हुए समय-समय पर विद्यालय में आयोजित होने वाली विज्ञान प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में नुपुर गोयल तथा रितु सैनी का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर सभी अध्यापकगण भी उपस्थित रहें।

## घर में घुसकर मारपीट कर जानलेवा हमले में 4 को भेजा जेल

कांधला, 11 मई (बु.)। कांधला थाना क्षेत्र के गांव खेड़ा कुरतान राशन कोटा के विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई थी। घटना के सम्बंध में पुलिस ने अभियोग पंजीकृत करते हुए 4 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बीते मंगलवार को गांव खेड़ा कुरतान राशन कोटा के विवाद को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गए। दोनों पक्षों के बीच में हुई मारपीट के दौरान कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घायलों ने अपना उपचार करा कर पुलिस को नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। घटना के सम्बंध में आरिफ पुत्र जमील निवासी खेड़ा कुरतान के द्वारा गाँव के ही अरशद, सनेजर, हक्कम, फान्ना उर्फ इरफान अय्यूब व बाबर द्वारा घर में घुसकर लाठी-डण्डों, धारदार हथियार से अपने ऊपर हुए जानलेवा हमले के संबंध में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने पुलिस ने इस प्रकरण में कार्रवाई करते हुए चार लोगों के विरुद्ध नामजद अभियोग पंजीकृत कर कार्रवाई शुरू कर दी। अरशद पुत्र अकबर, सनेजर पुत्र हनीफ, हक्कम पुत्र हनीफ, फान्ना उर्फ इरफान पुत्र सोखा निवासी खेड़ा कुरतान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।



## राष्ट्रीय तकनीकी दिवस पर पॉवर पॉइंट प्रजेंटेशन का आयोजन

मुजफ्फरनगर, 11 मई (बु.)। श्रीराम कॉलेज के कम्प्यूटर संकाय में आज राष्ट्रीय तकनीकी दिवस पर एक पॉवर पॉइंट प्रजेंटेशन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शीर्षक 'सूचना प्रौद्योगिकी और उसके अनुप्रयोग' रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. प्रेरणा मित्तल, प्राचार्या श्रीराम कॉलेज, मुजफ्फरनगर एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. अशोक कुमार, डीन, एग्रीकल्चर विभाग रहे। प्रतियोगिता में 42 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग लिया। प्रतियोगिता का शुभारम्भ कम्प्यूटर संकाय के डीन डॉ. निशांत राठी ने प्रतिभागियों को राष्ट्रीय तकनीकी दिवस की महत्वता को बताते हुए किया। कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि कुनाल अहलूवालिया, प्रिंसिपल सोफ्टवेयर इंजीनियर, सेल्सफोर्स, यू.एस.ए. व ईशा शाह, सीनियर डेटा साईंटिस्ट, माइक्रोसॉफ्ट ने नई तकनीकी क्षेत्रों के बारे में विद्यार्थियों को अवगत कराया तथा विद्यार्थियों के प्रयासों को सराहा। उन्होंने कहा कि सूचना प्रौद्योगिक के क्षेत्र में अपार संभावनायें हैं और थोड़े परिश्रम से श्रीराम कॉलेज के विद्यार्थी भी अमेरिकी बहुराष्ट्रीय कम्पनियों में उच्च स्तर पर प्लेसमेंट पा सकते हैं। प्रतियोगिता में सर्वप्रथम बी.बी.ए. के छात्र सौरभ राणा ने ई.आर.पी. के बारे में अपनी प्रजेंटेशन देते हुए कहा कि आज के व्यावसायिक आधुनिक युग में इसकी महत्ता को समझाया। इसके पश्चात बी.सी.ए. प्रथम वर्ष के छात्र शशांक शुक्ला ने क्वांटम कम्प्यूटर की उपयोगिता को समझाया। कृषि विभाग से कु. रीचा ने ऑर्गेनिक फॉर्मिंग के बारे में नई तकनीकियों के बारे में बताया। विशिष्ट अतिथि डॉ. अशोक कुमार ने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए राष्ट्रीय तकनीकी दिवस के विषय में छात्रों को भविष्य में आने वाली समस्याओं के समाधान हेतु तकीनीकी जानकारी दी। इस प्रतियोगिता में कम्प्यूटर संकाय से तान्या वर्मा, हिमांशु, एश्वर्या ठाकुर, अमन, अक्षत, भव्या, मनीषा, शिवांश, दीपशिखा, आदि छात्रों ने विभिन्न प्रकार के तकीनीकी विषयों पर पॉवर प्वाइंट द्वारा प्रजेंटेशन दिया गया। कार्यक्रम में मयंक धीमान (बी.सी.ए.) प्रथम स्थान, अक्षत सिंघल (बी.सी.ए.) द्वितीय स्थान एवं तृतीय स्थान मोनिश अब्बासी (बी.बी.ए.) व सुकीर्ति त्रिवेदी, करिश्मा सिंघल, शशांक शुक्ला, गुलफशा एवं शिवालिका चौधरी (बी.बी.ए.) को पांच सांत्वना पुरस्कार कॉलेज की प्रधानाचार्या एवं मुख्य अतिथि डॉ. प्रेरणा मित्तल के द्वारा वितरित किये गये। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से डॉ. निशान्त राठी, डीन, कम्प्यूटर एप्लीकेशन एवं नीतू सिंह, अमित त्यागी, नितिन त्यागी, प्रवीण कुमार, श्रीकांत सिंह, प्रमोद कुमार, विकास कुमार, हिमांशु होरा, अनुपमा मिश्रा, रिषु जैन, श्रीलापारिक, शरद चौधरी, विश्वास शर्मा, अनुज कुमार, हंस कुमार, मनोज पुण्डीर व दिनेश आदि का योगदान रहा।





## शारीरिक सौष्ठव के साथ कर सकते हैं आप खेल की दुनिया में प्रवेश : अमोल

मुजफ्फरनगर, ११ मई (बुस.)। एसडी कॉलेज ऑफ लॉ में आयोजित स्पोर्ट्स मीट के अंतर्गत तीसरे दिन शतरंज और बैडमिंटन प्रतियोगिताओं के साथ आज बॉडी बिल्डर अमोल मल्होत्रा ने अपने शारीरिक सौष्ठव का प्रदर्शन कर छात्र-छात्राओं को शारीरिक सौष्ठव के लाभ से अवगत कराया। अमोल मल्होत्रा अनेक राज्य और राष्ट्रीय शारीरिक सौष्ठव प्रतियोगिता में भाग ले चुके हैं और उनका लक्ष्य अब अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता की ओर है। शारीरिक सौष्ठव से आप अपने शरीर को स्वस्थ रखकर अनेक रोगों से बचाव कर सकते हैं। आज की शतरंज प्रतियोगिता (छात्र वर्ग) में आकाश ने पहला और पारस ने दूसरा तथा गोविन्द ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। शतरंज प्रतियोगिता (छात्रा वर्ग) में शिखा ने पहला, सुहानी ने दूसरा स्थान तथा विशाखा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। सिद्धार्थ, हर्ष, हनु, अक्ष, ऋषभ शर्मा, ओजस्वी, सिमरन, काजल, कौशर, हिमानी और फहरीन, जियाहुल आदि छात्रों ने शतरंज प्रतियोगिता में बढ़त हासिल की थी। बैडमिंटन प्रतियोगिता में बढ़त हासिल करने वाले संजीव हर्ष, ध्रुव, लक्ष्मेन्द्र, कार्तिक और वरुण रहे। छात्रा वर्ग एकल में दीक्षा, मनिका, प्रिया, वंदना ने बढ़त हासिल की। फाइनल प्रतियोगिता गुरुवार दिनांक १२ मई को आयोजित होंगे। कॉलेज प्राचार्या डॉ. रेणु गर्ग ने कहा कि खेल प्रतियोगिता से एक स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का जन्म होता है, जिससे एक खिलाड़ी का मानसिक और शारीरिक विकास सम्भव हो पाता है। इस अवसर पर मंजू मल्होत्रा, डॉ. मुकुल गुप्त, अमित चौहान, प्रीति चौहान, छवि जैन, अमित त्यागी, वैभव कश्यप, पूनम रानी, बीता गर्ग, अभिनव गोयल, अनीता सिंह, उमेश चन्द्र त्रिपाठी, अमित भारद्वाज, गरिमा, प्रीति दीक्षित, विपुल कुमार, शुभम सिंघल, प्रदीप सिंघल, संतोष शर्मा, अभिनव अग्रवाल, संजीव कुमार, विवेक सिरोही, शिवानी धीमान आदि उपस्थित रहे।

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्री उत्तम चन्द्र शर्मा ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक- अंकुर दुआ
डिप्टी -सम्पादिका-श्रीमति पूजा दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
विज्ञापन- 9368549219 (नि.) 7983359929,
सम्पादक- 9412210257
e-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com





1973-2022

## सम्पादक की क़लम से

# कई मस्जिदों पर विवाद

वाराणसी की ज्ञानवापी मस्जिद, मथुरा की ईदगाह मस्जिद के अलावा भी देश में कई मस्जिदों पर विवाद है। मन्दिरों को तोड़कर मस्जिदें या ईदगाह बनवाई गयीं, ऐसा देश के दुनिया छोड़ चुके इतिहासकारों की किताबों में लिखा है और नये इतिहासकार मानते रहे हैं। इन दिनों कई मस्जिदों को लेकर हिन्दू पक्ष दावा कर रहा है कि यहाँ पहले मन्दिर था। कुतुबमीनार को भी विष्णु स्तम्भ बताया जा रहा है। ताजमहल को भी तेजोमहालय कहा जा रहा है। एक पराजित पूर्व विधायक और विवादित बयान देने वाले नेता ने कहा है कि इन सभी विवादित मस्जिदों की जाँच कराई जानी चाहिये अगर वे मस्जिद हैं, तो कोई बात नहीं अगर मन्दिर तोड़कर मस्जिद बनाई गयी है, तो इन ऐतिहासिक गुनाहों को सुधारने का वक़्त आ गया है। उत्तर प्रदेश के जौनपुर ज़िले में स्थित अटाला मस्जिद भी विवादों से घिरी रही है। इस मस्जिद का निर्माण 1408 में इब्राहिम शरीकी ने कराया था। माना जाता है कि इब्राहिम ने जौनपुर में स्थित अटाला देवी मन्दिर को तोड़कर वहां अटाला मस्जिद बनाई थी। अटाला देवी मन्दिर का निर्माण गढ़ावला के राजा विजयचंद्र ने कराया था। जौनपुर में इस मस्जिद का अक्सर चर्चा रहता है, लोग कहते हैं मन्दिर तोड़ने के मामले में केवल औरंगज़ेब ही आगे नहीं था, अन्य मुस्लिम बादशाह भी इस काम में आगे थे। गुजरात के पाटन ज़िले में स्थित जामी मस्जिद को लेकर अक्सर विवाद उठता रहा है। माना जाता है कि इस मस्जिद को यहां बने रुद्र महालय मन्दिर को तोड़कर बनाया गया था। कुछ इतिहासकारों के मुताबिक, रुद्र महालय मन्दिर का निर्माण 12 वीं सदी में गुजरात के शासक सिद्धराज जयसिंह ने कराया था। 1410-1444 के बीच अलाउद्दीन खिलजी ने इस मन्दिर के परिसर को नष्ट कर दिया था। बाद में अहमद शाह प्रथम ने मन्दिर के कुछ हिस्से को जामी मस्जिद में बदल दिया था। पश्चिम बंगाल के मालदा जिले के पांडुआ में स्थित अदीना मस्जिद का निर्माण 1358-90 में सिकंदर शाह ने कराया था। माना जाता है कि उसने भगवान शिव के प्राचीन आदिनाथ मन्दिर को नष्ट करके उसकी जगह अदीना मस्जिद बनवाई थी। वहां मन्दिर होने का दावा करने वालों का तर्क है कि अदीना मस्जिद के कई हिस्सों में हिंदू मन्दिरों के स्टाइल की डिजाइन नज़र आती हैं। गुजरात के अहमदाबाद में स्थित जामा मस्जिद को लेकर भी विवाद रहा है। माना जाता है कि इस मस्जिद को हिंदू मन्दिर भद्रकाली को तोड़कर बनाया गया है। अहमदाबाद का पुराना नाम भद्रा था। भद्रकाली मन्दिर का निर्माण मालवा राजस्थान पर 9 वीं से 14 वीं सदी तक राज करने वाले राजपूत परमार राजाओं ने कराया था। अहमदाबाद में अभी जो जामा मस्जिद है, उसे अहमद शाह प्रथम ने 1424 में बनवाया था।

यहां पहले मन्दिर होने का दावा करने वालों का तर्क है कि इस मस्जिद के ज्यादातर खम्भे हिंदू मन्दिरों के स्टाइल में बने हैं। इसके कई खंभों पर कमल के फूल, हाथी, कुंडलित नाग, नर्तकियों, घंटियों आदि की नक्काशी की गई है, जो अक्सर हिंदू मन्दिरों में नज़र आते हैं। साथ ही इसके हाल में कई खंभे बने हैं, जोकि हिन्दू कला की पहचान हैं। मध्य प्रदेश के विदिशा शहर में स्थित बीजा मंडल मस्जिद को लेकर भी विवाद रहा है। माना जाता है कि बीजा मंडल मस्जिद का निर्माण परमार राजाओं द्वारा निर्मित चर्चिका देवी के हिंदू मन्दिर को नष्ट करके किया गया था। इस स्थल पर मौजूद एक खंभे पर लगे शिलालेख में बताया गया है कि मूल मन्दिर देवी विजया को समर्पित था, उन्हें चर्चिका देवी भी कहा जाता है, जो विजय की देवी मानी जाती हैं। सबसे पहले इस मन्दिर का निर्माण 8 वीं सदी में हुआ था और फिर 11 वीं सदी में चर्चिका देवी के भक्त परमार वंश और मालवा के राजा नरावर्मन ने विजया मन्दिर का पुनर्निर्माण कराया था। माना जाता है कि 1658-1707 के दौरान औरंगज़ेब ने इस मंदिर पर हमला करके इसे लूटा और नष्ट कर दिया। उसने मंदिर के उत्तरी ओर मौजूद सभी मूर्तियों को दफ़नाकर इसे मस्जिद में बदल दिया। राम मन्दिर-बाबरी मस्जिद विवाद के दौरान अयोध्या में खुदाई में शामिल रहे प्रसिद्ध आर्कियोलॉजिस्ट के के मुहम्मद ने हाल ही में कहा था कि कुतुब मीनार के पास स्थित कुव्वत-उल-इस्लाम मस्जिद को बनाने के लिए 27 हिंदू और जैन मन्दिरों को तोड़ गया था। के के मुहम्मद के मुताबिक, मस्जिद के पूर्वी गेट पर लगे एक शिलालेख में भी इस बात का ज़िक्र है। दिल्ली की पहली शुक्रवार मस्जिद देश की प्रमुख धरोहरों में से एक कुतुब मीनार परिसर के अंदर स्थित है। इस मस्जिद का निर्माण कुतुबुद्दीन ऐबक ने कराया था। इस मामले में दायर एक याचिका पर सुनवाई करते हुए इस साल फरवरी में साकेत ज़िला अदालत ने केन्द्र सरकार को नोटिस जारी किया था। याचिककर्ता का कहना है कि इस बात में कोई विवाद नहीं है कि यहां मन्दिरों को नष्ट किया गया है, इसलिए उन्हें यहां पूजा करने का अधिकार दिया जाए। याचिका में ये भी कहा गया है कि इस मस्जिद में पिछले 800 वर्षों से नमाज़ नहीं अदा की गई है। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल से 250 किलोमीटर दूर धार ज़िले में स्थित कमल मौला मस्जिद अक्सर विवादों में रही है। हिंदू इसे माता सरस्वती का प्राचीन मन्दिर भोजशाला बताते हैं, जबकि मुस्लिम इसे अपनी इबादतगाह यानी मस्जिद बताते हैं। कहते हैं कि भोजशाला मन्दिर का निर्माण हिंदू राजा भोज ने 1034 में कराया था। इस पर पहले 1305 में अलाउद्दीन खिलजी ने हमला किया। फिर मुस्लिम सम्राट दिलावर खान ने यहां स्थित विजय मन्दिर को नष्ट करके सरस्वती मंदिर भोजशाला के एक हिस्से को दरगाह में बदलने की कोशिश की। इसके बाद महमूदशाह ने भोजशाला पर हमला करके सरस्वती मन्दिर के बाहरी हिस्से पर क़ब्ज़ा करते हुए वहां कमल मौलाना मकबरा बना दिया। 1997 से पहले हिंदुओं को यहां पूजा नहीं, बल्कि केवल दर्शन करने की इजाजत थी। अब इसकी देखरेख ऑर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया करता है। उसने हिंदुओं को यहां हर मंगलवार और वसंत पंचमी पर पूजा करने और मुस्लिमों को हर शुक्रवार को नमाज़ पढ़ने की अनुमति दी है।

### चार मोती

-सुनील 'उत्सव'

'ग़लत' 'शैतान' 'पाखण्ड' 'ज्ञान'
काम जिनके हैं ग़लत, शैतान के चेले हैं जो,
ऐसे लोगों को यहाँ पर मिल रहा है दान क्यों?
ज़िन्दगी में जिनकी बस पाखण्ड ही पाखण्ड है,
ऐसे लोगों से भला, लेने गये हो ज्ञान क्यों?

# डीएम ने स्कूली वाहनों को लेकर दिए सख्त निर्देश

## -अब अनदेखी पर होगी सख्त कार्रवाई, वाहनों की फिटनेस पर जोर

मुजफ्फरनगर, 11 मई (बु.)। गाजियाबाद स्कूल बस हादसे के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश में गए स्कूली वाहनों की फिटनेस जांचने का विशेष अभियान शुरू होने के बाद में अब स्कूली बसों व स्कूल वैनों की फिटनेस की जांच के साथ ही स्कूली वाहनों के लिए सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए दिशा-निर्देश की भी पड़ताल की जाएगी। बुधवार को डीएम चन्द्र भूषण सिंह ने परिवहन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए स्कूल-कॉलेजों के प्रबंधक व प्रधानाचार्यों को स्पष्ट कहा है कि जिले में समस्त स्कूली वाहनों के प्रपत्र तत्काल पूर्ण कर लें और जिन वाहनों की फिटनेस समाप्त है उन वाहनों का संचालन पूर्णतया बंद कर दें, अन्यथा कि स्थिति में ऐसे तमाम वाहनों के विरूद्ध प्रवर्तन कार्यवाही की जायेगी। वहीं उन्होंने स्कूली वाहनों में बच्चों को उतारने व चढ़ाने के लिए भी चालक-परिचालक को वाहनों पर रखने के साथ स्कूली वाहनों में सीसीटीवी कैमरे लगाना भी अब जरुरी होगा। उन्होंने स्कूल-कॉलेज के प्रधानाचार्य-प्रबंधकों को निर्देश दिये कि अपने स्कूलों में कार्यरत चालक-परिचालकों का चरित्र सत्यापन भी कराना सुनिश्चित करने के साथ ही शिक्षा संस्थानों द्वारा विद्यार्थियों के परिवहन हेतु वसूल किये जाने वाले अनुरक्षण व्यय के निर्धारण के निर्देश दिये। शिक्षा संस्थानों के नाम पंजीकृत शिक्षा संस्था बस द्वारा विद्यार्थियों के परिवहन के वसूले जाने वाले व्यय को निर्धारित किये जाने के मानक से ही अनुरक्षण व्यय लिया जाये। डीएम चन्द्र भूषण सिंह ने अपने कार्यालय पर जनपद के स्कूली बच्चों का सुरक्षित परिवहन तय करने तथा स्कूलों में संचालित वाहनों के विनियमन हेतु निर्गत उत्तर प्रदेश मोटरयान नियमावली 2019 के प्राविधानों का कड़ाई से पालन किये जाने एवं शिक्षा संस्थानों द्वारा विद्यार्थियों के परिवहन हेतु वसूल किये जाने वाले अनुरक्षण व्यय के निर्धारण हेतु सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। डीएम की अध्यक्षता में संपन्न बैठक में सीओ यातायात, डीआईओएस, एआरटीओ प्रशासन, यात्री-मालकर अधिकारी, जिला बीएसए एवं स्कूल-कॉलेजों के प्रधानाचार्य व प्रबन्धक उपस्थित रहें। बैठक में डीएम चन्द्र भूषण सिंह ने स्कूल-कॉलेजों के प्रधानाचार्य-प्रबन्धकों को स्पष्ट निर्देश दिये गये कि नियमों की अनदेखी किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### स्कूली वाहनों के लिए जारी सुप्रीम कोर्ट का आदेश

1. स्कूली बस पीले रंग से होनी चाहिए पेंट, इसके आगे व पीछे स्कूल बस होना चाहिए बस लिखा।
2. स्कूल बस के आगे व पीछे स्कूल ऑन ड्यूटी हो लिखा।
3. सभी खिड़कियों के बाहर लोहे की ग्रिल लगी हो।
4. स्कूल बस में आग बुझाने के हों पर्याप्त इंतजाम।
5. स्कूल बस पर स्कूल का नाम व उसका फोन नंबर जरूर होना चाहिए लिखा।
6. स्कूल बस में स्कूल का एक सहायक भी होना चाहिए।
7. स्कूल बस के दरवाजे में लगा होना चाहिए मजबूत लॉक।
8. स्कूली वाहन में जरूर हो फर्स्ट एड बॉक्स।
9. स्कूल बस 40 किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक की रफ्तार में न चले इसके लिए लगा हो स्पीड गवर्नर।
10. स्कूल वाहन चालक का अनुभव कम से कम 5 वर्ष भारी वाहन चलाने का होना चाहिए।
11. स्कूल बस में सीसीटीवी कैमरों से हो निगरानी।






# १४ मई को लगेगी लोक अदालत

## -जिला जज ने दिखाई हरी झंडी

मुजफ्फरनगर, ११ मई (बुस.)। जनपद में न्यायालय द्वारा लगातार जनपदवासियों की समस्याओं को ध्यान रखते हुए उनके निस्तारण हेतु लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज जिला जज चव्यनप्रकाश द्वारा आगामी १४ मई को लोक अदालत का आयोजन कराया जाएगा, जिसको लेकर जिला जज द्वारा लोक अदालत की रैली को जन जागरूकता के लिए हरी झंडी देकर रवाना किया गया। वहीं एडीजे व नोडल प्रभारी लोक अदालत शक्ति सिंह ने बताया कि मुजफ्फरनगर की जनता को त्वरित न्याय दिलाने के लिए वह उनकी समस्याओं को ध्यान में रखकर लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है, जिसका आयोजन १४ मई को कलेक्ट्रेट परिसर में किया जाएगा। वहीं लोक अदालत में ट्रैफिक चालान, छोटे मुकदमा निस्तारण, बैंक से संबंधित समस्याएं, आरटीओ से संबंधित आदि समस्याओं का निस्तारण किया जाएगा। यह लोक अदालत राष्ट्रीय लोक अदालत है, जो पूरे भारत में एक ही दिन एक ही तारीख को हर जनपद व हर प्रदेश के अंदर लोगों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए आयोजित की जाती है। लोगों में जन जागरूकता के लिए आज लोक अदालत रैली को हरी झंडी दिखाकर जनपद में रवाना किया। यह रैली लोगों को गली मौहल्ले में जाकर जागरूक करेगी। इस दौरान सभी अधिकारी मौजूद रहे।

# होमगार्ड विभाग भ्रष्टाचार व धांधली का अड्डा

मुजफ्फरनगर, ११ मई (बुस.)। अम्बेडकर युवा मंच के प्रदेश अध्यक्ष राधेश पप्पू ने जिला कमाण्डेन्ट होमगार्ड विजय कुमार व जनेश्वर प्रसाद बीओ के संरक्षण में चहेते प्लाटून कमाण्डरों के माध्यम से भ्रष्टाचार व धांधली की सभी हदें पार कर दी। विभाग के उच्च अधिकारी भी बन्दरबाट में शामिल हैं। राधेश पप्पू ने आरोप लगाते हुए कहा कि वे वर्ष २०२० से होमगार्ड विभाग के कथित भ्रष्टाचार व धांधली की निष्पक्ष जांच हेतु मुख्यमंत्री सहित उच्च अधिकारियों को शिकायती-पत्र भेजकर उच्च अधिकारियों से सूचना का अधिकार २००५ के अन्तर्गत जांच आंख्या व कार्यवाही की जानकारी मांग चुका है, जांच प्रचलित बताकर पत्र भेज दिये जाते हैं। राधेश पप्पू ने बताया कि सहारनपुर व मेरठ के मण्डलीय कमाण्डेन्ट होमगार्ड व डिप्टी कमाण्डेन्ट होमगार्ड (पश्चिमी क्षेत्र) आगरा को शपथ-पत्र व साक्ष्य देकर ब्यान करा चुका, परन्तु होमगार्ड विभाग में सभी भ्रष्ट अधिकारी हमाम में नंगे दिख रहे हैं। अब राधेश पप्पू ने केन्द्रीय व राज्यमंत्री संजीव बालियान, धर्मवीर प्रजापति मंत्री कारागार व होमगार्ड उप्र से शिकायती पत्र के बिन्दुओं की निष्पक्ष जांच प्रशासनिक अधिकारी से कराने की मांग की है। विभागीय अधिकारी सभी भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। शिकायती बिन्दु में जांच के दो होमगार्डो तेजपाल व राजपाल सिंह की बीमारी से मृत्यु भी हो चुकी है। जिला कमाण्डेन्ट विजय कुमार व बीओ जनेश्वर प्रसाद अपनी साजिशों में लगे हैं। ड्यूटी बदलने के नाम पर प्रतिमाह लाखों की वसूली कर मनमानी डयूटी लगायी जाती है। निर्वाचन विधानसभा २०२२ में डयूटी बदली गयी, निर्वाचन आयोग ने जिलाधिकारी से जांच की आख्या मांगी थी, परन्तु सब दबकर रह जाते हैं। राधेश पप्पू ने मुख्यमंत्री व प्रशासन से प्रशासनिक अधिकारी द्वारा निष्पक्ष जांच कराने का अनुरोध किया है।




### आवश्यकता है



**पैट्रोल पम्प पर कार्य हेतु सेल्समैन एवं हैल्पर की**

*शैक्षिक योग्यता :* हाईस्कूल/इण्टरमीडिएट
*आयु :* अधिकतम 25 वर्ष
*वेतन :* योग्यता एवं अनुभव के अनुसार

-: सम्पर्क करें :-
इंजीनियर्स सर्विस सैन्टर
निकट कम्पनी बाग, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर


# अवैध डीजल पेट्रोल प्रकरण में तीन पर मुकदमा, सेल्समैन को जेल

भोपा, 11 मई (बु.)। गांव कासमपुरा चौराहे स्थित बायो डीजल पम्प समीर किसान फिलिंग सैन्टर पर छापेमारी में मिले अवैध डीजल पेट्रोल प्रकरण में पंप के मालिक व सेल्समैन समेत तीन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर सेल्समैन को जेल भेजा गया है। वहीं पंप के मालिक की तलाश की जा रही है। क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी जानसठ विकास सिंह, पूर्ति निरीक्षक एनपी सिंह, उप निरीक्षक विनोद तेवतिया, कुलदीप धीमान ने पुलिस फोर्स के साथ बीते मंगलवार की अपराहन में भोपा थाना क्षेत्र के गांव कासमपुरा स्थित बायोडीजल पम्प समीर किसान फिलिंग सैन्टर पर छापा मारकर मौके से 250 लीटर पेट्रोल व 200 लीटर डीजल का भंडार बरामद करते हुए एक यूनिट डिस्पेसिंग मशीन, पांच लोहे के ड्रम, दो प्लास्टिक के ड्रम, 10 प्लास्टिक कैन, एक जेनरेटर सेट को अपने कब्जे में ले लिया। क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी ने सेल्समैन नईम व पम्प संचालक शमशाद निवासी नंगला बुजुर्ग तथा एक अज्ञात समेत तीन के विरुद्ध थाने पर मुकदमा दर्ज कराया है। प्रभारी निरीक्षक पंकज राय ने बताया कि पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सेल्समैन नईम को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेजा गया है, वहीं पंप के मालिक शमशाद की तलाश की जा रही है।



# किसान संघ ने सौंपा ज्ञापन, मुख्यमंत्री से लगाई गुहार

## -विद्युत विभाग से जुड़ी मांगों को पूर्ण कराने की मांग

मुजफ्फरनगर, 11 मई (बु.)। प्रदेश सरकार के चुनावी घोषणा पत्र में किसानों को नलकूप की बिजली निःशुल्क देने के संकल्प की मांग व विद्युत विभाग से जुड़ी मांग के सम्बन्ध में डीएम कार्यालय पहुंचकर भारतीय किसान संघ ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। उक्त ज्ञापन के माध्यम से संघ पदाधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में प्रदेश की योगी सरकार ने अपने किए गए चुनावी संकल्प पत्र में तमाम किसानों को सरकार बन जाने के बाद नलकूप की बिजली फ्री देने के आश्वासन पर किसानों ने वर्तमान सरकार के संकल्प पत्र पर विश्वास कर पुनः सरकार बनवायी। भारतीय किसान संघ की जिला इकाई ने ज्ञापन के द्वारा आरोप लगाया कि योगी सरकार द्वारा अभी तक चुनावी वायदे के अनुरूप वचन का पालन नहीं हो पाया है। ऐसे में किसानों की इन भावनाओं व मांगों को समझ कर किसान हित को ध्यान रखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भारतीय किसान संघ लंबित मांगों को पूर्ण किए जाने की मांग की। किसान संघ ने अपने मांग पत्र में सरकार ने अपने चुनावी घोषणा पत्र 2022 में किसानों को नलकूप की बिजली को अब निःशुल्क देने के संकल्प को पूर्ण करने की मांग की। वहीं सरकार गठन के बाद विद्युत विभाग के अनियंत्रित अधिकारियों पर अब नियंत्रण करने के साथ ही विद्युत बिलों को शुद्ध कराने और अघोषित बिजली कटौती को रोस्टर के अनुसार देने की मांग की। वहीं किसान संघ ने सरकार से अपने मांग पत्र में प्रदेश के तमाम निजी नलकूपों पर विद्युत विभाग द्वारा लगाये जा रहे विद्युत मीटर को रोके जाने की मांग की। इस बीच भारतीय किसान संघ से जुड़े कार्यकर्ता और क्षेत्रीय किसान मौजूद रहे।

## संघ शिक्षा वर्ग प्रथम वर्ष सामान्य के लिए भूमि पूजन हवन के साथ संपन्न हुआ

मुजफ्फरनगर, ११ मई (बुस.)। आज बुधवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मेरठ प्रांत द्वारा २६ मई से प्रारंभ होने वाले संघ शिक्षा वर्ग प्रथम वर्ष सामान्य के लिए भूमि पूजन हवन के साथ संपन्न हुआ। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मेरठ प्रांत प्रचारक अनिल ने बताया राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मेरठ प्रांत का संघ शिक्षा वर्ग प्रथम वर्ष सामान्य का आयोजन २६ मई से १६ जून तक लाला जगदीश प्रसाद सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज जानसठ रोड के प्रांगण में होगा। इस वर्ग हेतु विद्यालय प्रांगण में हवन के साथ भूमि पूजन किया गया, जिसमें मेरठ प्रांत के समस्त कार्यकर्ता एवं पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। आचार्य अशोक शुक्ल वेद पाठी ने हवन कार्यक्रम संपन्न कराया। मुख्य यजमान के रूप में मास्टर किशन लाल सिंह एवं उनकी पत्नी लक्ष्मी देवी निवासी करवाडा उपस्थित रहे। सभी मेरठ प्रांत के प्रचारकों व कार्यकर्ताओं ने हवन में सामग्री व घी की आहुति दी। इससे विद्यालय का वातावरण शुद्ध हो गया। १ भूमि पूजन में प्रांत संघचालक प्रेमचंद, प्रांत प्रचारक अनिल, विभाग संघचालक डॉक्टर हरबीर, विभाग कार्यवाह प्रमोद, विभाग व्यवस्था प्रमुख राज सिंह, सह प्रांत प्रचारक विनोद, जिला संघचालक सुरेंद्र, जिला सह संघ चालक दिनेश, विभाग प्रचारक रमाशंकर, जिला प्रचारक निपेंद्र विभाग प्रचार प्रमुख विकास भार्गव, जिला कार्यवाह संजय लखन, विभाग सेवा प्रमुख बृजेश, जिला व्यवस्था प्रमुख कुलदीप सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक बंधु और कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।




### बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र सुखप्रीत उर्फ अजय व उसकी पत्नी संविता मेरे कहने-सुनने में नहीं है और मेरा पुत्र सुखप्रीत उर्फ अजय गलत संगत में उठने-बैठने लगा है। इसलिए मैंने अपने पुत्र सुखप्रीत उर्फ अजय व उसकी पत्नी संविता को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। आज से मैंने अपने पुत्र सुखप्रीत उर्फ अजय व उसकी पत्नी संविता से सभी प्रकार के सम्बन्ध समाप्त कर लिये हैं। यदि मेरा पुत्र सुखप्रीत उर्फ अजय व उसकी पत्नी संविता किसी से कोई लेनदेन या गलत कार्य करते हैं, तो उसके वे स्वयं जिम्मेदार होंगे, मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**बलदेव पुत्र संगत**
निवासी : ग्राम आखलौर, थाना कोतवाली, तहसील सदर, जिला मुजफ्फरनगर


# डीएम और एसएसपी ने किया जिला कारागार का निरीक्षण

मुजफ्फरनगर, ११ मई (बु.)। राज्यपाल के कार्यक्रम को देखते हुए जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने आज प्रशासनिक टीम के साथ जिला कारागार का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी चंद्र भूषण सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव द्वारा राज्यपाल आनन्दी बेन पटेल के भ्रमण के दृष्टिगत जिला कारागार का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाओं को पूर्ण किये जाने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा जेल डायरी की जांच की गयी एवं कैदियों को दिए जाने वाले खाने एवं पानी की व्यवस्था की भी जांच की गयी। इसके उपरांत जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा शस्त्रागार एवं जिला कारागार के प्रांगण का भी निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी द्वारा सफाई, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के संबंध में जेल अधीक्षक सीताराम शर्मा को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। जिला कारागार में पुरुष व महिला बैरकों, रसोईघर एवं अन्य स्थानों का निरीक्षण कर अवलोकन किया गया साथ ही बंदियों को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी भी ली गयी। कारागार में लगी जैमर प्रणाली की क्रियाशीलता की जांच की गयी। जिलाधिकारी ने बताया कि १२ मई को राज्यपाल जिला कारागार का निरीक्षण करेंगी एवं कैदियों से मुलाकात कर समस्त व्यवस्थाओं का जायजा लेंगी जिसकी व्यवस्था अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अजय कुमार तिवारी द्वारा की जायेगी।

# क्रांति सेना का त्रिशूल मार्च एक जून को होगा आयोजित

मुजफ्फरनगर, 11 मई (बु.)। क्रांति सेना का जिला स्तरीय कार्यकर्ता महासम्मेलन व विराट त्रिशूल मार्च आगामी एक जून को मुजफ्फरनगर में होने जा रहा है। बुधवार को प्रकाश मार्केट स्थित कार्यालय पर क्रांति सेना की संपन्न बैठक में यह निर्णय लिया गया। क्रांति सेना अध्यक्ष ललित मोहन शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा पर विचार विमर्श किया गया। क्रांति सेना के अध्यक्ष ललित मोहन शर्मा ने कहा कि आज भी हिंदुओं की धार्मिक यात्राओं पर हमले, कहीं हनुमान चालीसा का पाठ करने पर प्रतिबंध, तो कहीं हिंदुओं की आस्थाओं पर चोट पहुंचाने की घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है। हिंदुओं की घटती आबादी और मुसलमानों की विस्फोटक रूप से बढ़ रही आबादी इसका मुख्य कारण है। उन्होंने कहा कि सभी राजनीतिक दल मुस्लिमों के वोट बैंक को अपनी ओर आकर्षित करने के लिए उनकी परिक्रमा कर रहे हैं, साथ ही हिंदुओं पर होने वाले हमलों को अनदेखा कर रहे हैं। उन्होंने आह्वान किया कि यदि अभी भी इन विधूमयों को मुंह तोड़ जवाब नहीं दिया गया तो वह दिन दूर नहीं जब हमें कश्मीर की तरह अपने घर बार छोड़कर भागना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि ऐसे में जनसंख्या नियंत्रण कानून के साथ देश को हिंदू राष्ट्र घोषित होने और देश में घुसे करोड़ों बांग्लादेशी व रोहिंग्या घुसपैठियों का देश से बाहर होना अब बेहद जरूरी है। ऐसे में इन्हीं मुद्दों को लेकर क्रांति सेना द्वारा आगामी एक जून को मुजफ्फरनगर में पार्टी का कार्यकर्ता महासम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि कार्यकर्ता महासम्मेलन के बाद सैंकड़ों कार्यकर्ता नगर के मुख्य मार्गो से विराट त्रिशूल मार्च निकालते हुए जिला मुख्यालय पर पहुंचेंगे। इस दौरान मुख्य रूप से मनोज सैनी, आनंद प्रकाश गोयल, देवेंद्र चौहान, राजेश कश्यप, गौरव गर्ग, नरेंद्र ठाकुर, अनुज चौधरी, संजीव कौशिक, लोकेश सैनी, आशीष मिश्रा, ओंकार पंडित, बसंत कश्यप, रविंद्र सैनी, भुवन मिश्रा, उज्जवल पंडित, ललित रूहेला, मंगतराम, जितेंद्र गोस्वामी, शैंकी शर्मा, राजन वर्मा, सुनील प्रजापति, सुनील सैनी, विकास चौहान, गोपी वर्मा, सौरभ वर्मा, सुनील कुमार, राजेंद्र तायल, संदीप आदि मौजूद रहे।



## अंबेडकर विश्वविद्यालय के दो नए कैम्पस बनाएगी दिल्ली सरकार

नयी दिल्ली, 11 मई (वार्ता)। दिल्ली के उपमुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया ने अंबेडकर विश्वविद्यालय के रोहिणी और धीरपुर कैंपस के लिए विश्व स्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करने के 2306.58 करोड़ रुपये लागत के प्रोजेक्ट को एक्सपेंडिचर फाइनेंस कमिटी की बैठक में मंजूरी दे दी। श्री सिसोदिया ने मंगलवार को कहा कि इन दोनों कैंपस के तैयार होने के बाद यहां विभिन्न कोर्सेज में 26 हजार स्टूडेंट्स एडमिशन ले सकेंगे।

# शिक्षा के बिना समाज व व्यक्ति का विकास सम्भव नहीं है : चंदन चौहान

भोपा, 11 मई (बु.)। कस्बा भोकरहेड़ी इंटर कॉलेज में आयोजित नवनिर्मित शौचालय कॉम्पलैक्स के लोकार्पण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि मीरापुर क्षेत्र से विधायक चन्दन सिंह चौहान ने कहा कि शिक्षा के बिना समाज व व्यक्ति का विकास सम्भव नहीं है। हमें आज डिजिटल युग में नई चुनौतियों से निपटना है। छात्र मोबाइल का उपयोग बन्द कर किताबों का अध्ययन करें। क्षेत्र में शिक्षा के विकास को लेकर वह प्रतिबद्ध हैं। ग्रामीण क्षेत्र में तकनीकी शिक्षा का विकास बेहद आवश्यक है, जिससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। शुकतीर्थ में मां गंगा में घटता जल स्तर चिन्ता का विषय है। वह विधानसभा में इस मुद्दे को उठायेंगे। इससे पहले हवन यज्ञ का आयोजन हुआ, जिसमें आचार्य प्रेम शंकर मिश्रा व संजीव आर्य ने विश्व शान्ति के लिए आहुति प्रदान की। समारोह को प्रधानाचार्य कैप्टन प्रवीण चौधरी, मोरना के प्रधानाचार्य फूलचंद्र ने भी संबोधित किया। एनसीसी के गुरूनाम व मुनीत, स्काउट व गाइड के अविरल, शिवम, ईशा व मुस्कान ने विधायक को सलामी दी। छात्रा अक्षिता शर्मा, खुशी, अलीशा, सानिया, गुंजन, सपना ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। फ्लैग एरिया में छात्रा राशि, जाह्नवी, वीशू, श्रेया शर्मा ने महत्वपूर्ण जानकारी दी। कार्यक्रम में प्रबन्धक डॉ. कर्णवीर सिंह, कमैटी के अध्यक्ष मा. कर्मवीर सिंह, ओमबीर सिंह, पूर्व चेयरमैन राजेश कुमार व अजय कुमार, कवीन्द्र, वेदवीर सिंह, अनुज छोटा, पं. रामकुमार शर्मा, संजीव कुमार, जयवीर सिंह, ब्रजपाल सिंह, बिजेन्द्र लम्बरदार, हरपाल सिंह, उप प्रधनाचार्य रामेश्वरराम, रमेशचंद, अमित राणा, अमित कुमार, नीरू, सुधा, रफीक अन्सारी आदि मौजूद रहे।

# मिशन इंद्रधनुष के तहत गर्भवती व बच्चों का हुआ टीकाकरण

## -अभियान के तहत जिले में लक्ष्य का ६४.६२ प्रतिशत टीकाकरण हुआ पूरा

मुजफ्फरनगर, ११ मई (सूवि)। जनपद में सघन मिशन इंद्रधनुष-४.० (आईएमआई-४.०) अभियान के तहत टीकाकरण अंतिम दौर में पहुंच चुका है। अभियान के तहत किन्हीं कारणों से नियमित टीकाकरण से छूटे दो वर्ष तक के बच्चों एवं गर्भवती का टीकाकरण किया जा रहा है। तीसरा चरण १२ मई तक चलेगा। इसके साथ ही नियमित टीकाकरण अभियान भी जारी है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. महावीर सिंह फौजदार ने कहा कि बीमारियों से बचाव के लिए गर्भवती व बच्चों का टीकाकरण बहुत जरूरी है। स्वास्थ्य विभाग के निशुल्क टीकाकरण अभियान का लाभ उठाएं। उन्होंने बताया कि अभियान के तीसरे चरण में लक्ष्य के सापेक्ष ६४.६२ प्रतिशत टीकाकरण पूरा कर लिया गया है। ज्ञात हो कि स्वास्थ्य विभाग दो वर्ष तक के सभी बच्चों को बीसीजी, पोलियो, रोटा वायरस, पेंटावेलेंट यानी पांच बीमारियों से लड़ने वाला टीका (जिसमें डिप्थीरिया, गला घोंटू, काली खांसी, टिटनेस, हेपेटाइटिस शामिल हैं) के अलावा मीजल्स, रुबेला और पीसीबी (फेफड़े के संक्रमण) से बचाव के लिए नियमित टीकाकरण करता है। किन्हीं कारणों से नियमित टीकाकरण से छूटे बच्चों और गर्भवती को सुरक्षा कवच प्रदान करने के लिए सघन मिशन इंद्रधनुष चलाया जा रहा है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. शरण सिंह ने बताया कि सघन मिशन इंद्रधनुष अभियान के अंतर्गत १२४६ सत्र आयोजित किए गए हैं। इन सत्रों में ७७५६ बच्चों तथा २८२६ गर्भवती का टीकाकरण करने का लक्ष्य रखा गया है। अभी तक ११७६ सत्रों में ६२४५ बच्चों तथा ३१२५ गर्भवती का टीकाकरण किया जा चुका है। मिशन इंद्रधनुष के तहत निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष जिले में कुल ६४.६२ प्रतिशत टीकाकरण पूरा हो चुका है। उन्होंने बताया कि इनमें वह बच्चे और महिलाएं भी शामिल हैं, जो कोरोना काल में टीकाकरण से छूट गए थे। सघन मिशन इंद्रधनुष अभियान में शून्य से दो वर्ष तक के बच्चों को बीसीजी, ओपीवी, पेंटावेलेंट, रोटा वैक्सीन, आईपीवी, मीजल्स, विटामिन-ए, डीपीटी बूस्टर डोज, मिजल्स बूस्टर डोज और बूस्टर ओपीवी, पीसीवी के टीके लगाए गए। इसके अलावा अभियान में गर्भवती महिलाओं को टीडी (टिटनेस डिप्थीरिया) का टीका लगाया गया है।

# ...योगी सरकार की सार्थक पहल गरीबों को मिलेंगे 10 हजार

मुजफ्फरनगर, 11 मई (बु.)। शहरी क्षेत्रों में गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले आर्थिक रूप से कमजोर युवाओं को योगी सरकार की पहल पर स्वःरोजगार की खातिर मदद दी जाएगी, जिसके माध्यम से वह अपना रोजगार कर सकेंगे। डूडा परियोजना अधिकारी ने बताया कि इसके लिए नगरीय विकास अभिकरण मुजफ्फरनगर द्वारा संचालित राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अन्तर्गत नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर, खतौली व नगर पंचायत बुढ़ाना क्षेत्रान्तर्गत निवासरत शहरी गरीबों को स्वतः रोजगार योजनान्तर्गत एकल रूप में दो लाख रुपये एवं समूह के रूप में दस लाख रुपये लागत की परियोजना स्थापित करने हेतु बैंक के माध्यम से 07 प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन 12 मई से 21 मई तक आमंत्रित किये गए हैं। योगी सरकार की पहल पर शुरू की गई इस योजना के तहत जनपद के बेरोजगार और गरीबी की रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों को उद्योग, व्यवसाय एवं सेवा क्षेत्र में बैंक के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराया जाता है। योजना का ऐसे में लाभ पाने के इच्छुक व्यक्ति आधार कार्ड, आय प्रमाण पत्र एक लाख रुपये वार्षिक से कम के अलावा शपथ पत्र, कार्य की प्रोजेक्ट रिपोर्ट आदि सहित डूडा कार्यालय विकास भवन तृतीय तल कमरा नं. 304-305 में सम्पर्क कर निःशुल्क आवेदन कर सकते है।

## कांग्रेस नेता, पूर्व केंद्रीय मंत्री पं. सुखराम का निधन

नयी दिल्ली 11 मई ( वार्ता ) कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री पंडित सुख राम शर्मा का बुधवार को तड़के यहां अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान ( एम्स ) में निधन हो गया। वह 95 साल के थे। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार, पंडित सुख राम शर्मा को मस्तिष्काघात होने के कारण हिमाचल प्रदेश के मंडी के अस्पताल में भर्ती कराया गया था, लेकिन बाद में उन्हें दिल्ली एम्स लाया गया, जहां उन्हें जीवन रक्षक उपकरणों पर रखा गया। उनके निधन की खबर सोमवार को सोशल मीडिया पर उड़ी, जिसे बाद में परिवार के लोगों ने गलत बताया।

## रेलवे ने किए एक झटके में 19 बड़े अफसर सेवामुक्त

नयी दिल्ली, 11 मई ( वार्ता ) रेल मंत्रालय ने भारतीय रेलवे के 19 उच्चाधिकारियों को बुधवार को जबरिया सेवा मुक्त करके घर भेज दिया, जिनमें से 10 अधिकारी संयुक्त सचिव या उच्च स्तर के हैं। सूत्रों ने आज यहां यह जानकारी दी। इससे पहले जुलाई से लेकर अब तक 75 अधिकारियों को दक्षता में कमी एवं भ्रष्टाचार आदि अन्य कारणों से पहले ही स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ( वीआरएस ) देकर घर भेजा जा चुका है और दो अन्य लाइन में हैं। इस प्रकार से कुल 96 अधिकारी रेलवे की सेवा से जबरिया निकाले जा रहे हैं। रेल मंत्रालय में हुई इस कार्रवाई को लेकर में प्रशासनिक गलियारों में हड़कंप मच गया है।

## हरिद्वार जिले में तीन महीने के अंदर होंगे पंचायत चुनाव

नैनीताल 11 मई ( वार्ता ) उत्तराखंड सरकार हरिद्वार जिले में तीन महीने के अंदर त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव सम्पन्न करा देगी। प्रदेश सरकार की ओर से यह बात बुधवार को कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश संजय कुमार मिश्रा व न्यायमूर्ति आरसी खुल्बे की युगलपीठ के समक्ष रखी गयी। युगलपीठ के समक्ष हरिद्वार निवासी शमशेर अली की ओर से दायर जनहित याचिका पर सुनवाई हो रही थी।

## अतिरिक्त दहेज न मिलने पर पत्नी को छोड़ लापता हुआ पति

मुजफ्फरनगर, 11 मई ( बु. )। पुरकाजी थाना क्षेत्र के गांव मलकपुरा निवासी मोनिका ने बुधवार को पुलिस ऑफिस में शिकायती पत्र देकर बताया कि उसकी शादी करीब चार साल पूर्व रामबीर से हुई थी, जो पॉलीटैक्निक इंजीनियर है। पति से उसे दो बच्चियां भी हैं। पीड़िता का कहना है कि कुछ समय पूर्व पति ने अचानक अतिरिक्त दहेज के लिए प्रताड़ित करते हुए दस लाख रुपये मायके से लेकर आने की मांग करनी शुरू कर दी। आरोप है कि मांग पूरी नहीं होने पर रामबीर पत्नी व दोनों बच्चियों को छोड़कर संदिग्ध हालात में लापता हो गया। पति की गैर मौजूदगी में ससुराल पक्ष के अन्य लोग विवाहिता का उत्पीड़न करने लगे। पीड़िता का कहना है कि गत 18 अप्रैल को ससुराल पक्ष के अन्य लोगों ने महिला के साथ मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया, जिसके बाद वह किसी तरह मायके पहुंची और परिजनों को घटना की जानकारी दी। पीड़िता ने अब एसएसपी से पति की बरामदगी के साथ ही आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की गुहार लगाई है।

## मदरसे में बन रहे थे फर्जी आयुष्मान कार्ड

मेरठ, ११ मई (एजेंसी)। मवाना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी ने टीम के साथ मवाना थाने के निकट मदरसे में छापा मारा। वहां से कई आयुष्मान कार्ड फर्जी बने हुए पाए गए टीम ने दो लैपटॉप समेत दो युवकों को पकड़ा है। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने दोनों युवकों को लैपटप समेत मवाना पुलिस को सौंप दिया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉक्टर सतीश भास्कर का दावा है यह लोग काफी समय से फर्जी आयुष्मान कार्ड बना रहे थे। उन्होंने अपने एक विभाग के आदमी को भेज कर फर्जी कार्ड बनाने के मामले की पहले जांच की और आज मौके पर जाकर छापा मारा। एक कई फर्जी आयुष्मान कार्ड भी मिले हैं, दूसरी ओर पुलिस का कहना है कि वह इस मामले की अभी जांच कर रही है।

## महबूबा मुफ्ती की चेतावनी, दम है तो ताजमहल और लाल किले में मंदिर बनाकर दिखाएं

आगरा, ११ मई (एजेंसी)। ताजमहल के २२ कमरों को खोलने की याचिका दायर होने के बाद अब जम्मू कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने भारतीय जनता पार्टी को चुनौती दे दी है। उन्होंने कहा कि उनमें दम है तो ताजमहल और लाल किला को मंदिर बनाकर दिखाएं। मुफ्ती ने कहा कि वो निराश हैं कि सुप्रीम कोर्ट ने अनुच्छेद ३७० को रद किए जाने को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर बीते तीन वर्षों में कोई सुनवाई नहीं की। उन्होंने कहा कि भाजपा शासन के दौरान देश का सांप्रदायिक सौहार्द्र बिगड़ा है। वहीं, ताजमहल विवाद के बीच जयपुर रॉयल फैमिली की सदस्य और भाजपा सांसद दीया कुमारी के दावे ने सनसनी फैला दी है। उन्होंने ताज पर अपने परिवार का दावा बताते हुए कहा कि ताजमहल कभी जयपुर के पुराने राजपरिवार का पैलेस था। इस पर शाहजहां ने कब्जा कर लिया था। उन्होंने कहा कि अब सच सामने आ जाएगा। वह भी पूरे मामले का परीक्षण कर रही हैं। दीया कुमारी ने दावा किया है कि उनके पास ऐसे दस्तावेज मौजूद हैं, जो ये बताने के लिए काफी हैं कि पहले ताजमहल जयपुर राजघराने का महल हुआ करता था। जब तत्कालीन शासक शाहजहां ने जयपुर परिवार का यह पैलेस और जमीन ली तो परिवार उसका विरोध नहीं कर सका। उनका कहना है कि आज कोई भी सरकार किसी की जमीन अधिग्रहीत करती है तो उसके बदले में मुआवजा दिया जाता है, लेकिन उस समय ऐसा कोई कानून नहीं था, जिसके खिलाफ अपील की जा सकती। अब किसी ने लखनऊ की खंडपीठ में याचिका दायर कर दी है तो सच सामने आ ही जाएगा।

## चीनी मांझे का कहर, गर्दन कटकर एक युवक की मौत

मेरठ, ११ मई (एजेंसी)। बुधवार को चीनी मांझे ने फिर से एक युवक की जान ले ली। इससे पहले भी मेरठ में कई लोगों की चीनी मांझे से जान जा चुकी है। लेकिन इसके बावजूद भी अधिकारी आंखें मूंदकर बैठे हैं। रेलवे रोड थाना क्षेत्र के रामताल वाटिका के पास चीनी मांझे की चपेट में आने से बाइक सवार गौरव राजपूत २६ वर्षीय की गर्दन कटने से मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल भिजवा दिया है। बताया गया कि मृतक दीवाना स्कूल में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता था। हादसे की जानकारी लगते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

# फसल अवशेष प्रबंधन से करें जैविक खाद तैयार किसान: राज्यपाल

### ❑डीएम ने पुष्प देकर किया राज्यपाल का जनपद में स्वागत
### ❑स्वयं सहायता समूह को किए प्रशस्ति पत्र वितरित

मुजफ्फरनगर, 11 मई ( बु. )। प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने बुधवार सायं अपने जनपद के दो दिवसीय दौरे के बीच सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय मेरठ के तत्वावधान में कृषि विज्ञान केन्द्र चितौड़ा पर आयोजित कृषि प्रदर्शनी का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान केन्द्र पर विभिन्न विभागों जैसे- कृषि, इफ्को, आंगनबाडी, गन्ना शोध संस्थान आदि के जनपद स्तरीय प्राकृतिक एवं जैविक उत्पाद एफपीओ तथा स्वयं सहायता समूहों की आयोजित प्रदर्शनी के स्टॉलों का अवलोकन किया। इस दौरान राज्यपाल द्वारा प्रांगण में प्रदर्शित जैविक उत्पादों में रुचि दिखाते हुए समूह की मौजूद महिलाओं से चर्चा की। इस बीच राज्यपाल द्वारा केन्द्र के प्रांगण में कपूर के वृक्ष का वृक्षारोपण किया। केन्द्र पर प्रतिस्थापित नव निर्मित आधुनिक गुड प्रसंस्करण इकाई का लोकार्पण किया।

बुधवार सायं मुजफ्फरनगर दौरे पर पहुंची प्रदेश की राज्यपाल आनन्दी बेन पटेल को डीएम चन्द्र भूषण सिंह ने पुष्प भेंट करते हुए स्वागत किया। राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने कार्यक्रम में पहुंची स्वयं सहायता समूह को प्रशस्ति पत्र वितरित कर उन्हें प्रोत्साहित किया। वहीं उन्होंने इस बीच किसानों से फसल अवशेष प्रबन्धन करते हुए फसलों के अवशेषों से जैविक खाद तैयार करने के लिए अपील की। इस दौरान केन्द्र के प्रभारी अधिकारी इंजी. संजय सिंह ने राज्यपाल को बताया कि आधुनिक गुड प्रसंस्करण इकाई द्वारा एक दिन में करीब 8 कुंतल उच्च गुणवत्तायुक्त गुड़ कम समय एवं कम लागत और कम ऊर्जा खपत के साथ आसानी से तैयार किया जा सकता है, जिससे किसानों को एक सीजन में 20 से 25 लाख रुपये की आय सुगमता से प्राप्त कर सकते हैं। बाद में राज्यपाल ने केन्द्र के सभाकक्ष में स्वयं सहायता समूह एवं एफपीओ के सदस्यों के साथ संवाद किया। केन्द्र के सभाकक्ष में कृषि विश्वविद्यालय मेरठ के प्रभारी कुलपति प्रो. शमशेर द्वारा राज्यपाल का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत करते हुए विश्वविद्यालय एवं केन्द्र द्वारा कृषकोपयोगी चलायी जा रहे कार्यक्रमों की चर्चा की। इस दौरान सदस्य विधान परिषद वंदना वर्मा ने कृषक महिला समूह को उद्बोधित किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने दो स्वयं सहायता समूहों एकता महिला स्वयं सहायता समूह ग्राम हैदरनगर, संजीवनी महिला स्वयं सहायता समूह ग्राम सैदपुरा विकास खंड बघरा एवं एक जैविक किसान आर्गेनिक एफपीओ कंपनी लिमिटेड ग्राम शेरपुर विकास खंड पुरकाजी को प्रशस्ति पत्र वितरित कर प्रोत्साहित किया। राज्यपाल ने अपने सम्बोधन में किसानों से फसल अवशेष प्रबंधन करते हुए फसलों के अवशेषों से जैविक खाद तैयार करने हेतु कहा गया। साथ ही उन्होंने विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों को लघु एवं सीमान्त कृषकोपयोगी परियोजना तैयार करने हेतु निर्देशित किया गया। राज्यपाल ने आर्शीवचन एवं महिला अध्ययन केन्द्र के सदस्यों से संवाद के दौरान उनके द्वारा किये गये कार्यों की प्रशंसा करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही केन्द्र के कर्मचारी एवं वैज्ञानिकों को किसानों के हित में पूर्ण मनोयोग से कार्य करने के निर्देश दिये। कार्यक्रम का संचालन डॉ. पीके सिंह निदेशक प्रसार कृषि विश्वविद्यालय मेरठ द्वारा किया गया। खतौली विधायक विक्रम सैनी द्वारा सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस अवसर पर एसएसपी अभिषेक यादव, सीडीओ आलोक यादव, एडीएम प्रशासन नरेन्द्र बहादुर सिंह, उप निदेशक कृषि आरपी चौधरी, जिला कृषि अधिकारी जसवीर सिंह तेवतिया समेत अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।



राज्यमंत्री के आवास पर राज्यपाल का अभिनंदन करते परिजन, उनकी धर्मपत्नी, चित्तौड़ा में आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल तथा स्वागत करते उद्यमी सुरेन्द्र अग्रवाल।

# ई-कॉमर्स कंपनियों से 11.25 लाख जुर्माना वसूला

मुजफ्फरनगर, ११ मई (बु.)। विधिक माप विज्ञान विभाग ने ई-कामर्स की तेरह कंपनियों पर कार्रवाई करते हुए ११.२५ लाख रुपये का शमन शुल्क लगाया है। सभी कंपनियों ने शमन शुल्क का भुगतान कर दिया है।

विधिक माप विज्ञान विभाग के वरिष्ठ निरीक्षक हरीश कुमार प्रजापति ने बताया कि अन्वेषण फार्म टेक के आनलाइन बेचे गए ५०० मिली. घी के पैक पर मात्रा के सापेक्ष भार की घोषणा अमानक इकाई औंस में अंकित पायी गयी। नोटिस दिए जाने के बाद कंपनी ने अपनी वेबसाइट पर नियमों का आवश्यक अनुपालन सुनिश्चित किया और शमन के रूप में एक लाख पांच हजार रुपये का भुगतान किया। बेंगलुरु की कंपनी ट्रयूवेट वेलनेस के बीवरेज कांबो पैक पर मात्रा न बताने के कारण १.५० लाख रुपये का शमन लगाया।

लिवाइस ब्रांड से जींस बेचने वाली कंपनी के आनलाइन पोर्टल पर साइज की निश्चित घोषणा न पाए जाने पर एक लाख पांच हजार का शमन शुल्क लगाया। उत्पादों को आनलाइन बेचने के लिए प्लेटफार्म उपलब्ध कराने वाली बहुराष्ट्रीय कंपनी अमेजन यह दलील देती रही कि वह बेचे गए उत्पादों के लिए सीधे उत्तरदायी नहीं है, क्योंकि इंफारमेशन टेक्नोलाजी एक्ट के तहत एक इंटरमीडिएटरी होने के कारण उन्हें विशेष छूट प्राप्त है। किंतु कंपनी के उत्पादों का स्वयं विज्ञापन प्रकाशित कराने के कारण उनकी यह दलील निष्प्रभावी पायी गयी। कंपनी को दो अलग-अलग मामलों मे एक-एक लाख का शमन शुल्क भुगतान करना पड़ा। पीने के बोतल-बंद पानी की कंपनी बिसलेरी इंटरनेशनल के अपने विशेष और महंगे पैकेज पर मात्रा की घोषणा विधि के अधीन निर्धारित तरीके से नहीं करने पर ५० हजार रुपये के शमन का भुगतान किया। वाइल्ड चाइल्ड इंटरप्राइजेज के चाकलेट की आनलाइन मात्रा घोषित न करने एवं हैप्पी आइजर्स कंपनी के दिवाली गिफ्ट हैंपर में रखे उत्पादों की सही जानकारी साझा न करने पर ७५-७५ हजार रुपये का शमन शुल्क लगाया। योगा-मैट का साइज अमानक इकाई इंच में अंकित करने पर मुंबई की गोकी टेक्नालाजी तथा बोरोसिल ब्रांड की कंपनी के डिनर सेट में रखे गए कुल उत्पादों की संख्या न बताने और साइज की अमानक इकाई में घोषणा करने पर सत्तर-सत्तर हजार रुपये का शमन शुल्क लगाया। मुंबई की ही अमर टी से चाय की मात्रा की सटीक जानकारी न देने पर तथा नाइका के क्लीनिंग बार की भ्रामक मात्रा बताए जाने पर ५०-५० हजार रुपये शमन शुल्क लगाया। घरेलू पशुओं के लिए डिब्बा बंद आहार बेचने वाली दिल्ली की गिटवाको फार्म्स ने अपने पोर्टल पर मूल्य के सापेक्ष केवल प्रति पाउच घोषणा की थी, जो कि पैकेज के अंदर रखे गए उत्पाद की निश्चित मात्रा का समाधान नहीं कराती। अतः कंपनी को १.२५ लाख रुपये के शमन का भुगतान करना पड़ा। उक्त सभी मामलों में तथ्यों का सम्यक परीक्षण करते हुए विधिक माप विज्ञान विभाग, सहारनपुर संभाग की सहायक नियंत्रक स्वाति कौशिक ने शमन आदेश पारित किए।

## शरारती तत्वों ने रेल पटरी पर रखा लोहे का टुकड़ा

गाजीपुर, 11 मई ( वार्ता ) उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले में गहमर रेलवे स्टेशन के पास शरारती तत्वों ने रेल पटरी पर लोहे का एक टुकड़ा रख दिया हालांकि बगल से गुजर रही एक यात्री ट्रेन के चालक की नजर टुकड़े पर पड़ गयी और उसकी तत्परता से संभावित हादसा टल गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को बताया कि मंगलवार की रात रेल पटरी पर लोहे का एक टुकड़ा रखा हुआ मिला। बगल की पटरी से गुजर रही 13202 कुर्ला राजेंद्रनगर एक्सप्रेस के चालक की नजर उस पर पड़ी और उसने इसकी जानकारी गहमर स्टेशन मास्टर को दी। सूचना दानापुर नियंत्रण कक्ष को देकर अप लाइन में आ रही संघमित्रा एक्सप्रेस को चौसा स्टेशन पर रोक दिया गया। इससे बड़ा रेल हादसा टल गया। दिलदारनगर आरपीएफ अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गई है।

## शहर की चकाचक व्यवस्था देखकर लोग बोले – रोज आएं महामहिम

मुजफ्फरनगर, ११ मई (बु.)। ज्ञात रहे कि बुधवार की शाम उत्तर प्रदेश की महामहिम राज्यपाल आनंदीबेन पटेल का आगमन तय था। मंगलवार की रात से ही प्रत्येक विभाग शहर को चकाचक करने में लगा दिखाई दिया। सड़कें बनानी हो या बिजली के खम्बों पर एलईडी लगानी हो या फिर ट्रैफिक व्यवस्था की कमान बेहतर ढंग से बनानी हो और सड़कों पर कली चूना कराने का तो क्या कहना। ऐसे में शहर के लोगों ने जब दिन निकलते से ही ऐसी चकाचक व्यवस्था देखी, तो उनके मुंह से एक ही बात निकली कि महामहिम का आगमन अगर रोज हो जाये, तो शहर का सुधारा ही हो जायेगा, नहीं तो आमजन को सड़कों में गड्ढे और गंदगी के सिवा कुछ नहीं दिखाई देता, और महामहिम के आने पर हॉस्पिटल के बाहर का नजारा तो वास्तव में ही देखने लायक था। उनके आने से पूर्व ही हॉस्पिटल के बाहर लगे चाय के ठेले और हॉर्डिंग हादि कहा गायब हो गये, किसी को नहीं पता। चौड़ी खुली साफ-सुथरी सड़के आज शहर में चर्चा का विषय बनी हुई है। लोगों की जुबां पर एक और भी बात थी कि वास्तव में मुख्यमंत्री के आगमन से भी अच्छी व्यवस्था आज राज्यपाल के आने पर दिखाई पड़ रही है और रोज ऐसे महामहिम यदि नगर में आने लगे, तो नगर का उद्धार स्वयं ही हो जायेगा।

## उत्तर प्रदेश में प्राइमरी स्कूल होंगे स्मार्ट, रिमोट लर्निंग सिस्टम से होगी पढ़ाई

लखनऊ 11 मई ( वार्ता ) उत्तर प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था को दुरूस्त करने की कवायद के तहत जल्द ही प्राइमरी स्कूलों को आधुनिक तकनीक से लैस किया जायेगा। इन स्कूलों में स्मार्ट क्लास और रिमोट लर्निंग सिस्टम से पढ़ाई की योजना पर तेजी से काम हो रहा है। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को बताया कि पिछले पांच सालों में प्राइमरी स्कूलों की न सिर्फ दशा और दिशा बदली है, बल्कि स्कूलों में संसाधनों और सुविधाओं में भी इजाफा हुआ है। इसी कारण प्राइमरी स्कूलों में बच्चों का नामांकन डेढ़ करोड़ से साल दर साल बढ़ते हुए दो करोड़ के पास पहुंच गया है। और अब बच्चों को शुरूआत में ही तकनीक से जोड़ने के लिए स्कूलों में स्मार्ट क्लास होंगे और रिमोट लर्निंग सिस्टम से पढ़ाई होगी। उन्होंने बताया कि बेसिक शिक्षा के महत्व को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बजट वित्त वर्ष 2016-17 में 55,176 करोड़ रूपये से बढ़ाकर वित्त वर्ष 2021-22 में 63,455 करोड़ रूपये तक पहुंचाया है। इसके अलावा निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से 1,22,054 शिक्षकों की भर्ती की है। 2019 में मिशन प्रेरणा के रूप में लर्निंग आउटकम आधारित शिक्षण प्रक्रिया को अपनाया गया है और सभी स्कूलों में शिक्षण के लिए एनसीईआरटी गणित किट की उपलब्ध कराई गई है। सूत्रों ने बताया कि मुख्यमंत्री खुद प्राइमरी स्कूलों में जाकर शिक्षा की गुणवत्ता परख रहे हैं।



विद्युत वितरण खंड के अधिशासी अभियंता द्वितीय कार्यालय में लगी आग की जानकारी करते हुए।

## उत्तर प्रदेश के २२ लाख राज्यकर्मियों को कैशलेस इलाज की सुविधा मिलेगी

मुजफ्फरनगर, ११ मई (बु.)। यूपी के करीब २२ लाख सरकारी कर्मचारियों और पेंशनरों के लिए अच्छी खबर है। उनके परिवारों को इसी माह से कैशलेस इलाज की सुविधा मिल सकती है। ऐसे में लाभ पाने वालों की संख्या तकरीबन एक करोड़ होगी। स्वास्थ्य विभाग ने इसकी तैयारी पूरी कर ली है। विभागीय अधिकारियों की मानें तो यूपी ऐसा करने वाला पहला राज्य होगा। योजना के शुभारंभ के लिए बस मुख्यमंत्री की हरी झंडी का इंतजार है। योगी सरकार ने अपने पहले कार्यकाल में राज्य कर्मचारियों और पेंशनरों को कैशलेस इलाज की सुविधा देने का वादा किया था। जनवरी में राज्य कैबिनेट ने इस प्रस्ताव को हरी झंडी दे दी थी। मगर इसके अमल में आने से पहले ही चुनाव प्रक्रिया शुरू हो गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा अपने सौ दिन के एजेंडे में शामिल किया गया है। सभी कर्मचारियों का स्टेट हेल्थ कार्ड बनेगा, जिसकी मदद से कैशलेस इलाज की सुविधा प्राप्त कर सकेंगे। नई व्यवस्था से राज्य कर्मचारी और पेंशनर या उनके परिवारीजन निजी अस्पतालों में भी पांच लाख रुपये तक का इलाज मुफ्त करा सकेंगे। वहीं सरकारी संस्थानों में खर्च की कोई समयसीमा नहीं होगी। इसके अलावा सरकार पहले भुगतान करके रिंबर्समेंट लेने की पुरानी व्यवस्था भी खत्म नहीं करेगी।

## गंगनहर में मिली महिला की लाश, शिनाख्त नहीं

मुजफ्फरनगर, 11 मई ( बु. )। रतनपुरी थाना क्षेत्र में गांव सठेड़ी के निकट गंगनहर में महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गई। शव की शिनाख्त न होने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी भेज दिया है। रतनपुरी थाना क्षेत्र में गांव सठेड़ी के निकट गंगनहर में बुधवार को एक महिला का शव पानी में उतराता हुआ मिला। महिला का शव देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया और उन्होंने थाना पुलिस को शव की सूचना दी। इस पर रतनपुरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को किसी तरह गंगनहर से बाहर निकाला। पुलिस ने मौके पर मौजूद ग्रामीणों व राहगीरों से शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन उसकी पहचान नहीं हो सकी। पुलिस के अनुसार, शव कहीं पीछे से बहकर आया था, जिसकी शिनाख्त नहीं होने पर उसे मोर्चरी भेज दिया गया है। शव की शिनाख्त होने के साथ ही पीएम रिपोर्ट आने के बाद मामले में जांच कर आगे कार्रवाई की जाएगी।

## टॉप-50 माफियाओं की होगी निगरानी

लखनऊ, ११ मई (एजेंसी)। शासन स्तर पर अब प्रदेश के टॉप-५० माफिया के विरुद्ध कानूनी कार्रवाइयों की सप्ताहिक समीक्षा की जाएगी। शासन इन सभी के विरुद्ध न्यायालयों में लंबित मुकदमों में अगले १०० दिनों में दोषसिद्ध कराने का लक्ष्य भी तय किया है। पहले शासन स्तर पर टॉप-२५ माफिया के विरुद्ध कार्रवाइयों की समीक्षा होती थी। कानून-व्यवस्था के मोर्चे पर और सख्ती का संदेश देने के लिए कार्रवाइयों का दायरा बढ़ाया जा रहा है। इसी तरह वन, खनन, शराब, पशु तस्करी व भूमि पर अवैध कब्जे के धंधे में लिप्त माफिया को चिह्नित कर गैंगस्टर एक्ट की धारा १४(१) के तहत जब्तीकरण के लिए ५०० करोड़ रुपये का लक्ष्य तय किया गया है। टॉप-१० अपराधियों को चिह्नित कर पूरे प्रदेश में लगभग १५ हजार अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई का टास्क भी पुलिस को सौंपा गया है।

## आज नगर में आएंगे ऊर्जा राज्य मंत्री सोमेन्द्र तोमर

### ❑डाक बंगले पर मीडिया से होंगे एक बजे रूबरू

मुजफ्फरनगर, 11 मई ( बु. )। उत्तर प्रदेश के ऊर्जा एवं वैकल्पिक ऊर्जा विभाग राज्य मंत्री सोमेन्द्र तोमर गुरूवार को मुजफ्फरनगर दौरे पर पहुंच रहे हैं। राज्यमंत्री के निजी सचिव अवधेश कुमार तिवारी ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि राज्यमंत्री सोमेन्द्र तोमर गुरूवार को प्रातः 9 बजे शास्त्री नगर मेरठ से मुजफ्फरनगर पहुंचेंगे, जहां भंगेला चैक पोस्ट पर कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए स्वागत के बाद 11 बजे भाजपा कार्यालय पर जनप्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं से संवाद करने के बाद 12 बजे पूर्व जिलाध्यक्ष यशपाल पंवार के आवास पर सामाजिक बैठक और एक बजे सिंचाई विभाग के डाक बंगले पर विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। वहीं भाजपा के सह मीडिया प्रभारी अचिंत मित्तल द्वारा आयोजित प्रेसवार्ता में मीडिया से रूबरू होंगे। राज्यमंत्री सोमेन्द्र तोमर के जारी कार्यक्रम में वें दोपहर 2 बजे पूर्व जिलाध्यक्ष रूपेन्द्र सैनी के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करने के बाद जानसठ के लिए प्रस्थान करेंगे, जहां लोक निर्माण विभाग के गेस्ट हाउस पर उनके स्वागत का कार्यक्रम है। सायं पांच बजे राज्यमंत्री का काफिला कार द्वारा जनपद बिजनौर के लिए प्रस्थान कर जाएगा, जहां राज्यमंत्री कई कार्यक्रमों में भाग लेने के साथ रात्रि विश्राम करेंगे।

शेष : चन्द्रशेखर आजाद ने...

व्यक्तियों को आपस मे लड़ाने का आरोप लगाते हुए कहा कि आज देश का रुपया पूरी तरह कमजोर होता जा रहा है। किसी को भी रोजगार नहीं मिल रहा युवा बेरोजगार घूम रहा है। महगाई दिनोंदिन बढ़ रही है। भाजपा द्वारा देश की अर्थव्यवस्था को चौपट कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि दलित समाज के जिस युवक द्वारा तुगलकी फरमान की वीडियो बनाई गई है, उसे धमकी दी जा रही है। उस युवक को जरा भी कहने की हिम्मत किसी में नहीं है। ऐसे लोगों को मुंहतोड़ जवाब दिया जायेगा। कानून ऐसे व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही करे ताकि भविष्य में ऐसे तुगलकी फरमान देने का कोई साहस ना जुटा सके। इस मौके पर अमरकांत, अक्षय आढ़ती, राजबीर, विशाल दानिश आदि मौजूद रहे।

## गाजियाबाद,नोएडा और लखनऊ में फेस मास्क लगाना अनिवार्य

लखनऊ 11 मई ( वार्ता ) कोरोना टीकाकरण के वृहद अभियान से कोविड-19 संक्रमण का विस्तार घनी आबादी वाले राज्य उत्तर प्रदेश में बेहद कम है लेकिन इसके बावजूद एहतियात बरत रही सरकार ने संक्रमण वाले जिलों में सार्वजनिक स्थलों पर फेस मास्क लगाना अनिवार्य कर दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को टीम-09 की बैठक में कहा कि राज्य में अब तक कोविड टीके की 31 करोड़ 85 लाख डोज लगाई जा चुकी है जबकि 11 करोड़ 23 लाख से अधिक कोविड टेस्ट भी किए जा चुके हैं।

# अधिशासी अभियंता विद्युत के दफ्तर में लगी आग, सभी रिकॉर्ड जलकर राख

शामली, 11 मई ( बु. )। बीती देर रात्रि शहर के कैराना रोड स्थित विद्युत वितरण खंड के अधिशासी अभियंता द्वितीय व अधिशासी अभियंता प्रथम कार्यालय में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग जाने से पुराना सभी रिकॉर्ड जलकर नष्ट हो गया है। आग लगने से कार्यालय में मौजूद कम्प्यूटर, फर्नीचर, लेखा अनुभाग, सामान्य अनुभाग, मानचित्रक, डायरी एवं डिस्पैच, निजी नलकूपों के कागजात जलने से करीब 30 लाख रुपये का नुकसान होने की संभावना है। कार्यालय में आग लगने से आगामी कुछ दिनों तक सभी कार्य बाधित रहेगा।

शहर के कैराना रोड़ स्थित विद्युत वितरण खंड के अधिशासी अभियंता प्रथम व द्वितीय कार्यालयों में देर रात्रि अचानक संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। रात के अंधेरे में कार्यालय से आग की लपटें व धुआं निकलता देख आसपास मौजूद लोगों और कर्मचारियों ने मामले की सूचना पुलिस विभाग को दी, जिसके बाद पुलिस व फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और घंटों मशक्कत करने के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया गया। आग लगने से अधिशासी अभियंता प्रथम व द्वितीय कार्यालय में रखा पुराना सभी रिकॉर्ड पूरी तरह से जलकर नष्ट हो गया। इसके अलावा कार्यालय में करीब आठ कम्प्यूटर, फर्नीचर, पंखे, अलमारी सहित सभी सामान जलकर खाक हो चुका है। अधिशासी अभियंता द्वितीय ब्रह्मपाल ने बताया कि कार्यालय में आग लगने से करीब 30 से 35 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। रात्रि करीब दो बजे कार्यालय के एक हिस्से में जिसमें खंड कार्यालय का लेखा अनुभाग, सामान्य अनुभाग, मानचित्रक, डायरी एवं डिस्पैंच, निजी नलकूप आदि लिपिकीय कार्य संपादिक किए जाते थे। शॉर्ट सर्किट होने से अधिकतर सरकारी फाइले जल गई हैं। विद्युत वितरण खंड प्रथम के आधीन कक्ष जिसमें नलकूप, रेडस एवं आरसी से संबंधित कागजात जल चुके हैं। कर्यालय में आग लगने से आगामी कुछ दिनों तक कार्य पूरी तरह से बंद रहेगा।



## खतौली में चरागाह की भूमि से अवैध कब्जों को हटवाया गया

मुजफ्फरनगर, ११ मई (बु.)। जिले में अवैध कब्जों के खिलाफ अभियान के जारी रहते उपजिलाधिकारी खतौली के नेतृत्व में ग्राम पंचायत रामपुर कसारा एवं जसोला परगना में अवैध कब्जा मुक्त कराया गया। उपजिलाधिकारी खतौली जीत सिंह राय के नेतृत्व में ग्राम पंचायत रामपुर खसरा संख्या २६८ तालाब का ०.१०२ हैक्टेयर भूमि को कब्जा मुक्त कराया गया एवं ग्राम जसोला परगना तहसील खतौली जिला मुजफ्फरनगर के खसरा संख्या ३८४ नौयियत चरागाह रकबा १.७६२ हेक्टेअर भूमि के आंशिक भाग पर राम सिंह पुत्र रामचंद्र अमीर आजम पुत्र बशीर अंसारी निवासी ग्राम जसोला द्वारा अवैध कब्जा कर कृषि कार्य किया जा रहा था, जिसको नायब तहसीलदार खतौली अर्जुन चौहान व पुलिस टीम की उपस्थिति में लेखपाल शालिनी शर्मा द्वारा कब्जा मुक्त कराया। दूसरी ओर ग्राम पंचायत नसीरपुर में बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी राकेश कुमार सागर के द्वारा अपनी टीम के साथ ग्राम पंचायत नसीरपुर में कब्जा परिवर्तन की कार्रवाई की गई। उक्त कार्रवाई के दौरान संबंधित अधिकारीगण एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## टैंट हाऊस के गोदाम में आग लगी, लाखों रुपये का सामान जला

भोपा, 11 मई ( बु. )। गांव में श्रीराम टैंट हाउस के गोदाम में बुधवार की सुबह अचानक आग लग गई। गोदाम से धुंआ उठता देख आस पड़ौस के लोग व दुकानदारों ने बड़ी मशक्कत के बाद आग को बुझाया, लेकिन तब तक लाखों रुपये का सामान जल चुका था। पीड़ित दुकानदार ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव बाखरनगर निवासी सतीश कुमार ने थाने पर दी तहरीर में बताया कि भोपा में उनकी श्री राम टैंट हाऊस के नाम से दुकान है तथा जौली रोड पर उनका टैंट हाऊस का गोदाम है। बुधवार की सुबह लगभग आठ बजे गोदाम में आग लग गई। गोदाम से धुंआ उठता देख आसपास के लोग व दुकानदार मौके पर आ गए और आग पर काबू करने का प्रयास किया लेकिन तब तक गोदाम में रखे लाखों रुपये के कपड़े का सामान व मैट आदि सामान जल चुका था। गोदाम में आग लगने के कारण का पता नहीं चल सका है। टैंट मालिक सतीश ने बताया कि उनकी दुकान व गोदाम में न तो बिजली का कनेक्शन है और न ही बिजली की फिटिंग है। थाना भोपा प्रभारी निरीक्षक पंकज राय ने बताया कि घटना की जांच पड़ताल की जा रही है।

## अवैध रूप से भारत में रहने वाले म्यांमार के तीन नागरिकों को सजा

कैराना, 11 मई ( बु. )। भारत में बिना वीजा पासपोर्ट के रहने वाले म्यांमार के तीन विदेशी नागरिकों को न्यायिक मजिस्ट्रेट अरुण सिंह ने 6-6 माह कारावास व 2-2 हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई। अर्थदण्ड अदा नहीं करने पर दो दो माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। सहायक अभियोजन अधिकारी तबस्सुम ने बताया कि जुलाई 2019 को थानाभवन पुलिस ने जलालाबाद से बिना वीजा पासपोर्ट के भारत में रह रहे म्यांमार के दो नागरिकों को पकड़ा था। आरोपियों से पूछताछ के बाद पुलिस ने जलालाबाद मदरसे से दो अन्य म्यांमार के नागरिकों व अवैध रूप से विदेशी नागरिकों को शरण देने तथा पुलिस प्रशासन को सूचना न देने पर मौलाना वासिफ अमीनी और कारी अशरफ व एक अन्य को गिरफ्तार किया था। सुनवाई के दौरान एक भारतीय आरोपी की मृत्यु हो गई थी। पुलिस ने आरोपी म्यांमार निवासी अब्दुल मजीद पर विदेशी अधिनियम के अतिरिक्त आईपीसी की धारा 420, 467, 468 व 471 में आरोप पत्र अदालत में दाखिल किए थे, जबकि तीन विदेशी मुजरिम म्यांमार निवासी नौमान अली उर्फ साइकोको, मौहम्मद रिजवान उर्फ साइनकोको व फुरकान हुसैन उर्फ विनकोको ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया था। मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से 6 गवाह पेश किए गये। बुधवार को दोनों पक्षों की दलील सुनने व पत्रावलियों का अवलोकन करने के बाद न्यायिक मजिस्ट्रेट अरुण सिंह ने मुजरिम नौमान अली उर्फ साइकोको, मौहम्मद रिजवान उर्फ साइनकोको व फुरकान हुसैन उर्फ विनकोको निवासी म्यांमार को 6-6 माह का कारावास व 2-2 हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई। अर्थदण्ड अदा नहीं करने पर 2-2 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

## किन्नरों ने मांगा इंसाफ

मुजफ्फरनगर, ११ मई (बु.)। खतौली के रतनपुरी थाना क्षेत्र के ग्राम सठेड़ी के किन्नरों ने थाना प्रभारी के समक्ष पहुंचकर इंसाफ की गुहार लगाई। किन्नरों ने खुलकर आरोप लगाया कि एक विशेष समाज के मर्द लिंग परिवर्तन कराकर अपना किन्नर गैंग लगभग-लगभग तैयार कर चुके हैं और उनके गैंग में युवा पीढ़ी व नाबालिग बच्चे शामिल हो रहे हैं। विशेष समुदाय के लोग बहला-फुसलाकर नाबालिग युवकों को उक्त कार्य करने पर मजबूर कर रहे हैं। किन्नरों ने बताया कि सठेड़ी निवासी किन्नरों पर उक्त लोगों का विरोध करने पर हमला भी कर दिया गया। ऐसे में किन्नर समाज के लगभग आधा दर्जन लोगों ने थाना प्रभारी से गुहार लगाई कि उन्हें जानलेवा हमले से बचाएं और युवकों एवं नाबालिगों को लिंग परिवर्तन करने से भी बचायें।

## शराब के ठेके के निकट मिला अज्ञात युवक का शव

मुजफ्फरनगर, ११ मई (बु.)। खतौली थाना क्षेत्र के जानसठ रोड पर शाम के समय अज्ञात शव मिलने से सनसनी फैल गई। दरअसल जानसठ रोड के निकट फ्लाईओवर के नीचे एक युवक को राह चलते लोगों ने बेहोश हालत में देखा, मगर जब लोगों ने युवक को खूब हिलाने-डुलाने की कोशिश की, तो युवक के शरीर में किसी प्रकार की कोई गतिविधि नहीं हुई। बाद में युवक की नब्ज देखी गई, तो युवक मृत पाया गया, जिसकी सूचना पुलिस को दे दी गई। देर शाम तक युवक की पहचान नहीं हो पाई थी।

# इस साल पहले आ रहा मॉनसून

नई दिल्ली, ११ मई (एजेंसी)। देश के बड़े हिस्से में भीषण गर्मी का कहर जारी है। होली के बाद से ही तापमान में तेजी से इजाफा होने के चलते इस बार जल्दी ही गर्मी और लू का कहर देखने को मिला है। लेकिन इस झुलसाती गर्मी से लोगों को जल्दी ही राहत भी मिल सकती है। मौसम विभाग का अनुमान है कि इस बार मनसून थोड़ा पहले ही आ सकता है, जिससे दिल्ली, यूपी, पंजाब, हरियाणा, बिहार, मध्य प्रदेश, झारखंड, बंगाल समेत कई राज्यों में लोगों को राहत मिल सकेगी। मौसम विभाग की ओर से जारी किए गए लंबी अवधि के अनुमान में यह बात कही गई है। पुणे स्थित आईआईटीएम की ओर से तैयार मल्टी-मॉडल एक्सटेंडेड रेंज प्रिडिक्शन सिस्टम का इस्तेमाल कर मौसम विभाग ने यह अनुमान लगाया है।

आईआईटीएम के टॉप एक्सपर्ट ने कहा कि ५ मई से १ जून तक का जो अनुमान लगाया गया है, उसके मुताबिक २० मई के बाद किसी भी वक्त केरल के तटीय इलाकों में मॉनसून आ सकता है। इससे पहले २८ अप्रैल को भी जो अनुमान जारी किया गया था, उसमें केरल में १६ से २५ अप्रैल के बीच बारिश में इजाफा होने की बात कही गई थी। इससे साफ है कि इस साल मॉनसून हर साल की तुलना में पहले ही आ सकता है। आमतौर पर देश में मॉनसून सीजन की शुरुआत १ जून से होती रही है, जबकि १५ से २० जून के बीच उत्तर भारत के राज्यों में बारिश का सीजन शुरू होता है। हालांकि दिल्ली-एनसीआर, उत्तर प्रदेश, बिहार, हरियाणा, पंजाब, मध्य प्रदेश समेत उत्तर भारत और पश्चिम के राज्यों में भीषण गर्मी और लू कुछ और दिनों तक चलती रहेगी। केरल में मॉनसून के आने के करीब १५ दिनों के बाद उत्तर भारत में बारिश का दौर शुरू हो सकता है। ऐसे में माना जा सकता है कि जून में मई जितनी गर्मी नहीं होगी। मौसम विभाग की ओर से २० मई से पहले एक बार फिर अनुमान जारी किया जाएगा, जिसमें तस्वीर और साफ हो सकेगी। बता दें कि यूपी, दिल्ली समेत देश के कई राज्यों में भीषण गर्मी का कहर जारी है और पारा लगातार ४० डिग्री सेल्सियस के पार बना हुआ है।

## गैंगस्टर कोर्ट से चोर को मिली सवा दो साल कैद की सजा

मुजफ्फरनगर, 11 मई ( बु. )। अभियोजन अधिकारी संदीप सिंह, विशेष लोक अभियोजक दिनेश सिंह पुंडीर और राजेश शर्मा ने बताया कि मूल रूप से शामली जनपद के झिंझाना निवासी तोहीद काफी समय से शाहपुर कस्बे में रहते हैं। वर्ष 2008 में उनके मकान में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था, जिसमें बदमाश लाखों की नकदी-जेवरात के साथ ही अन्य कीमती सामान चोरी कर ले गए थे। शाहपुर थाना पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए भौराकलां थाना क्षेत्र के गांव शिकारपुर निवासी नूर मोहम्मद पुत्र कालू और कासिम को गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से चोरी का माल भी बरामद किया था। तत्कालीन थाना प्रभारी अरुण कुमार त्यागी ने दोनों को जेल भेजते हुए उनके खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत भी कार्रवाई की थी, जिसमें तत्कालीन बुढ़ाना इंस्पेक्टर ने विवेचना कर उनके खिलाफ चार्जशीट कोर्ट में पेश की थी। अभियोजन अधिकारी संदीप सिंह ने बताया कि सुनवाई के दौरान नूर मोहम्मद की पत्रावली पृथक कर दी गई, जिसके बाद उसके खिलाफ पेश किए गए साक्ष्य व सुबूतों के आधार पर विशेष गैंगस्टर कोर्ट के न्यायाधीश बाबूराम ने आरोपी नूर मोहम्मद को बुधवार को दोषी करार दिया। अभियुक्त को सवा दो साल कैद के साथ ही पांच हजार रुपये जुर्माने की भी सजा सुनाई गई है।

## विद्युत विभाग से परेशान हुए गांधी कॉलोनीवासी

मुजफ्फरनगर, ११ मई (बु.)। शहर की पॉश कॉलोनी गांधी कॉलोनी वासी आये दिन विद्युत विभाग की मनमर्जी के चलते परेशान हो गये हैं। दरअसल उनकी परेशानी उस दिन से आरम्भ हुई, जिस दिन नगर में आंधी आयी थी। उस दिन से कभी बिजलीघर पर काम करने के नाम पर, कभी खम्बे बदलने के नाम पर, कभी जर्जर विद्युत तार बदलने के नाम पर चार-चार घंटे विद्युत आपूर्ति बाधित रखी जाती है। विद्युत विभाग की बेशर्मी तो देखिये इन दिनों बोर्ड की परीक्षाएं चल रही हैं, फिर भी दिन में चार से पांच घंटे तक विद्युत आपूर्ति बंद कर दी जाती है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि जो विद्युत तार जर्जर हो चुके हैं उन तारों में ही फाल्ट होता है और स्थानीय सभासद पिछले ५ साल से अपने पूरे जोर लगा चुके हैं मगर विद्युत विभाग के उच्चाधिकारियों ने लगभग यह ठान लिया है कि उन्हें जर्जर तार बदलवाने नहीं है। इसी क्रम में बुधवार को पहले तो खम्बों पर कार्य करने के नाम पर दोपहर में दो बजे से शाम छः बजे तक आपूर्ति बंद रखी गयी और फिर शाम ७ बजे से लगभग चार घंटे तक जर्जर विद्युत तार ठीक करने नाम पर आपूर्ति बाधित कर दी गयी। हो ना हो मगर विद्युत विभाग के उच्चाधिकारियों की उक्त कार्यप्रणाली किसी दिन कोई बड़ी घटना हो अंजाम दिला देगी।